www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 346 । नर्मदापुरम, सोमवार 24 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कार्यशाला में उपभोक्ताओं ने जाने सुरक्षित बैंकिंग के गुर — पृष्ठ 2

जलते हुए नोट सिर्फ न्यायपालिका नहीं मोदी की छवि भी धुआं-धुआं कर सकते हैं! — पृष्ठ 4

एसपी मंडलोई ने देर रात पुलिस थानों का किया औचक निरीक्षण — पृष्ठ 6

जयदीप लोकायुक्त से हटे, देशमुख को सौंपी कमान — पृष्ठ 8

# अब जस्टिस वर्मा के घर के बाहर मिले 5 सौ के नोट

- सफाई कर्मचारियों को अधजले नोट मिले
- सुप्रीम कोर्ट ने भी जारी किया था वीडियो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले के बाहर रविवार को सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों को 500–500 रुपए के अधजले नोट मिले।

सफाईकर्मियों ने बताया कि 4–5 दिन पहले भी हमें ऐसे नोट मिले थे। ये नोट सफाई के दौरान सड़क पर पत्तों में पड़े हुए थे। इससे पहले 21 मार्च को जस्टिस वर्मा के बंगले से 15 करोड़ रुपए कैश मिलने की बात सामने आई थी। 14 मार्च को होली के दिन उनके घर में आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500–500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली के घर से मिले कैश की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। इसमें कैश का वीडियो भी है। साथ ही तीन तस्वीरें भी जारी की गई हैं। इसमें 500 रुपए के जले हुए नोटों के बंडल दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 14 मार्च को जस्टिस के घर आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची थी। आग पर काबू पाने के बाद 4–5 अधजली बोरियां मिलीं, उनके अंदर नोट भरे हुए थे। इस पर जस्टिस वर्मा ने कहा कि ये नोट उन्होंने या उनके परिवार के लोगों ने नहीं रखे। स्टोर रूम में कोई भी आ जा सकता है। मुझे फंसाया जा रहा है।

### जस्टिस वर्मा ने कहा, उन्हें फंसाया जा रहा

रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा का पक्ष भी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जिस स्टोर रूम में नोटों की गड्डियां मिलने की बात की जा रही है, वहां उन्होंने या उनके परिवार ने कभी कोई पैसा नहीं रखा। वो एक ऐसी खुली जगह है, जहां हर किसी का आना–जाना होता है। उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है।

21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी के बाद सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

## सार-समाचार

### निर्माण मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल से की मुलाकात



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** निर्माण मजदूरों के एक प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता से राहुल गांधी से मुलाकात की और सामाजिक सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा उनके काम से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में शामिल दिल्ली असंगठित निर्माण मज़दूर यूनियन के सचिव थानेशवर दयाल आदिगौड़ ने रविवार को यहां बताया कि निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राहुल गांधी जी से निर्माण मज़दूरों के सामाजिक सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और उनके काम से जुडी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

### नागपुर में 6 दिन बाद हटा कर्फ्यू

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर में हिंसा के छह दिन बाद शहर में पूरी तरह से कर्फ्यू हटा लिया गया है। पुलिस कमिश्नर रविंद्र सिंघल ने रविवार को दोपहर 3 बजे से बाकी बचे कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर पुलिस थाना इलाकों से कर्फ्यू हटाने का आदेश दिया। हालांकि, संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनाती के साथ गश्त जारी रहेगी। इससे पहले 22 मार्च को पचपावली, शांतिनगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामवाड़ा जबकि 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों कर्फ्यू हटा लिया गया था। छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने 17 मार्च को पूरे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया था।

### दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र सोमवार पूर्वाह्न 11ः00 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में प्रारंभ होगा। विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा, और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

### डोडा में भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह बरामदगी डोडा की भद्रवाह तहसील के भलरा इलाके में तलाशी के दौरान की गई। अधिकारियों ने कहा, संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान, एके–सीरीज के 25 कारतूस, एक पिस्तौल, तीन पिस्तौल मैगजीन और पिस्तौल के छह कारतूस बरामद किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण जब्ती है जो क्षेत्र में उपद्रवी तत्वों की मौजूदगी को दर्शाती है।

### सुशांत सिंह राजपूत मामले में क्लोजर रिपोर्ट पेश

**मुंबई, एजेंसी।** सुशांत सिंह राजपूत मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सुशांत की मौत किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक षड्यंत्र से नहीं हुई है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को लेकर सुशांत सिंह राजपूत को न्याय दिलाने के लिए अभियान शुरू करने वाले निलोत्पल मृणाल की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा सीबीआई ने जिस आधार पर रिपोर्ट पेश की है, उसे सार्वजनिक किया जाए।

### भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से डेढ़ करोड़ का स्मैक बरामद

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले की नकरदेई थाना की पुलिस ने सात किलो 500 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने रविवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि करते बताया कि बरामद स्मैक की अंतराष्ट्रीय बाजार में 1.5 करोड़ है। प्रभात ने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप लाने में 10 लोग लिप्त हैं, जिसमें से चार लोगों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम कार्य कर रही है।

## अमेरिका लाखों प्रवासियों को कानूनी दर्जे से वंचित करेगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन 5 लाख 30 हजार से अधिक प्रवासियों को अस्थायी कानूनी दर्जे से वंचित करने जा रहा है। यदि पहल को मंजूरी मिल जाती है, तो देश में उनके अस्थायी प्रवास कार्यक्रम 24 अप्रैल को समाप्त हो जाएंगे। 'एनबीसी' ने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

चैनल के अनुसार यह स्थिति उन प्रवासियों को प्रभावित करती है, जो 2023 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के तहत शुरू किए गए एक विशेष कार्यक्रम के तहत प्रवेश करते हैं। इस कार्यक्रम ने विदेशियों को एक अमेरिकी प्रायोजक के समर्थन से अमेरिका में प्रवेश करने और दो साल तक देश में काम करने की अनुमति दी। एनबीसी के अनुसार, 2024 में, अधिकारियों ने इस कार्यक्रम के तहत प्रवासियों को स्वीकार करने पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी थी क्योंकि उन्हें चिंता थी कि इसका इस्तेमाल धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए किया जा रहा था। प्रसारक ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन, अमेरिका में विदेशियों के प्रवेश और अस्थायी प्रवास के लिए बाइडेन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के तहत क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला से अमेरिका पहुंचे 5 लाख 30 हजार से अधिक लोगों की अस्थायी कानूनी स्थिति को रद्द करने का इरादा रखता है।

सिब्बल बोले- ईवीएम के अलावा भी कुछ गंभीर मुद्दे

## एक बड़े वर्ग को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग को निष्क्रिय और विफल संस्था बताया। उन्होंने कहा कि लोगों के एक बड़े वर्ग को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है क्योंकि इसने अपनी सांविधानिक जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य नहीं किए हैं। इसके अलावा उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता पर जोर दिया।

सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग में अविश्वास के मुद्दे से जितनी जल्दी निपटा जाएगा, लोकतंत्र को बचाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। चुनाव आयोग एक निष्क्रिय संस्था है। चुनाव आयोग ने अपने कर्तव्यों के अनुसार अपने कार्यों का निर्वहन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संदेश यह है कि ईवीएम के अलावा, कुछ गंभीर मुद्दे हैं जो वास्तव में यह दर्शाते हैं कि चुनाव प्रक्रिया प्रदूषित है। जो चुनाव परिणाम आए हैं, वे कई स्तरों पर हेरफेर के कारण सकते हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जामसांवली में मुख्यमंत्री ने की हनुमान की पूजा, बोले-

## प्रदेश में हो रहा तेजी से विकास





### जामसांवली सहित प्रदेश में 13 जगह किया जा रहा लोक का निर्माण, धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग–अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा। । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में हनुमानजी का पूजन–अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या–पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नाना भाउ मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पं. रमेश दुबे, संतोष जैन, नरेन्द्र परमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आम जन उपस्थित थे।

अयोध्या से लौट रहे थे तीर्थ यात्री, सड़क हादसों में 5 की जान गई

## बरगी में बस पलटने से 1 महिला सहित 3 की मौत



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के बरगी थाना क्षेत्र के रमनपुर घाटी में रविवार तड़के एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक महिला सहित 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के अयोध्या से महाराष्ट्र के नागपुर जा रही बस तड़के जबलपुर जिले के बरगी थाना क्षेत्र के रमनपुर घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 2 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि घायल एक महिला की सिवनी जिले के लखनादौन में इलाज के दौरान मौत हो गई।

हादसे के समय बस में करीबन 36 यात्री सवार हैं। घायलों में कुछ को सिवनी जिले के लखनादौन में तो कुछ को जबलपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में जुट गयी है। अयोध्या से नागपुर जा रही इस बस में मृत 3 यात्री नागपुर के और एक महिला हैदराबाद की थीं। मृतकों के नाम हैदराबाद निवासी 45 वर्षीय मलम्मा, नागपुर के रहने वाले 26 वर्षीय शुभम मेश्राम और 42 वर्षीय अमोल खोड़े के रूप में की गई है।

## पुलिया से गिरी कार 2 महिला डॉक्टरों की मृत्यु


**शिवपुरी, देशबन्धु।** शिवपुरी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर लुकवास वायपास पर एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 2 महिला डॉक्टरों की मौत हो गई। वहीं 4 अन्य बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना में मृत और घायल डॉक्टर महाराष्ट्र के थे और वह तीर्थ यात्रा पर निकले थे। अयोध्या से वह उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों की यह टीम 10 दिन पहले महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा के लिए निकली थी। इस दौरान कई धार्मिक स्थलों के दर्शन किए और शनिवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। वहां से हम उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर जा रहे थे। रविवार सुबह लुकवासा चौकी के पास अचानक कार बेकाबू हो गई और पुलिया से टकराकर नीचे गिर गई। हादसा और उसके बाद मची चीख पुकार की आवाज के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

हादसे में 2 महिला डॉक्टरों मौत हो गई। इनमें डॉक्टर अतुल आचार्य की पत्नी डॉ. तन्वी आचार्य (50) , और दूसरी डॉ. सुबोध की पत्नी डॉ. नीलम पंडित (55), थीं, उन्होंने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 4 अन्य डॉक्टर घायल हुए हैं, जिनकी पहचान डॉ. उदय जोशी (64) निवासी दादर, डॉ. सुबोध पंडित (62) निवासी बसई, डॉ अतुल आचार्य (55) निवासी भिवंडी, और डॉ सीमा जोशी (59) के रूप में हुई है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

हादसे में शामिल सभी 6 डॉक्टर महाराष्ट्र में मुंबई और उसके आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। डॉ. अतुल आचार्य भिवंडी से हैं, डॉ. उदय जोशी और डॉ. सीमा जोशी दादर से, जबकि डॉ. सुबोध पंडित और डॉ. नीलम पंडित बसई से हैं।

## चुनाव बाद तेजस्वी के ही नेतृत्व में बनेगी सरकार



**मोतिहारी, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के जमुनिया गांव में पूर्व विधायक यमुना यादव के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोगों से तेजस्वी यादव को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

लालू यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाइए और उन्हें मुख्यमंत्री बनाइए। राजद सुप्रीमो ने लोगों से अपील की कि वे जागरूक हों और इस जनविरोधी सरकार को हटाएं। उन्होंने माई–बहिन मान योजना सहित सभी वादों को पूरा करने का भी भरोसा दिया। इससे पहले, मोतिहारी पहुंचने पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को समर्थन दें। लालू यादव ने विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की घोषणा का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए माई–बहिन मान योजना जैसी नई योजनाएं लाई जाएंगी। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को यह भी भरोसा दिया कि तेजस्वी की सरकार बनने पर विधायक मनोज यादव को मंत्री बनाया जाएगा। लालू ने याद करते हुए बताया कि मनोज के पिता यमुना यादव ने उनके मुख्यमंत्री काल में कई योजनाओं की मांग की थी और सभी मांगों को पूरा करने का काम किया गया था।


## वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करेगा पर्सनल लॉ बोर्ड

- राजनीतिक दलों को भी किया आमंत्रित
- राष्ट्रपति के नाम सौंपे जाएंगे ज्ञापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। एआईएमपीएलबी के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, %17 मार्च को दिल्ली में बड़े पैमाने पर और सफल विरोध प्रदर्शन के बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता और वक्फ विधेयक के खिलाफ कार्रवाई समिति के संयोजक एसक्यूआर इलियास ने बोर्ड की ओर से सभी मुस्लिम संगठनों, नागरिक समाज समूहों और दलित, आदिवासी, ओबीसी और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली के प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती।' उन्होंने विपक्षी दलों और सांसदों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने न केवल बड़ी संख्या में भाग लिया, बल्कि प्रस्तावित कानून को दृढ़ता से खारिज भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### वक्फ विधेयक संविधान पर हमला




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार वक्फ विधेयक के ज़रिए संविधान पर एक और सोचा समझा हमला किया है और कहा कि इससे देश के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार का उद्देश्य बहु–धार्मिक समाज के सामाजिक सद्भाव तोड़कर अल्पसंख्यक समुदाय की परंपराओं और संस्थाओं को बदनाम कर चुनावी लाभ के लिए ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कानूनों के तहत वक्फ प्रबंधन के लिए सभी संस्थानों की स्थिति, संरचना और अधिकार को सुनियोजित तरीके से कम कर अल्पसंख्यक समुदाय को परंपराओं और धार्मिक संस्थाओं के प्रशासनिक अधिकार से वंचित किया जा सके। इससे अपनी भूमि को वक्फ को देने में जानबूझकर अस्पष्टता पैदा करने के लिए वक्फ की परिभाषा ही बदली गई है।

मणिपुर दौरे पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल

## संविधान और बातचीत से मिलेगा हर समस्या का हल : गवई

### मणिपुर हाईकोर्ट स्थापना की 12वीं वर्षगांठ में हुए शामिल





**इंफाल, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने रविवार को मणिपुर हिंसा का समाधान खोजने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य में हो रही समस्याओं का समाधान संवैधानिक तरीकों से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर बातचीत की जाए तो समाधान जल्दी मिल सकता है। इन दिनों सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर है। इसी दौरान न्यायमूर्ति गवई ने ये बातें कही।

न्यायमूर्ति गवई ने मणिपुर उच्च न्यायालय की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि राज्य में हर कोई शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि कोई भी मौजूदा हिंसा या संघर्ष की स्थिति को जारी नहीं रखना चाहता। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यपाल के प्रयासों से मणिपुर में जल्द ही शांति और सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

न्यायमूर्ति गवई ने आगे अपने मणिपुर यात्रा को महत्वपूर्ण बताया। कारण का जिक्र करते हुए गवई ने कहा कि मणिपुर वह जगह है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था और 1944 में पहली बार भारतीय ध्वज फहराया गया था। न्यायमूर्ति गवई ने आगे कहा कि हमारा देश संविधान को अपनाए हुए 75 साल मना रहा है और जब हम भारत को अपने पड़ोसी देशों से तुलना करते हैं, तो यह साफ होता है कि हमारा संविधान हमें एकजुट और मजबूत रखता है। न्यायमूर्ति गवई ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मणिपुर के चूड़ाचांदपुर और बिष्णुपुर में राहत शिविरों का दौरा किया। साथ ही वहां के लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वहां उपस्थित सभी लोगों ने शांति की बहाली की इच्छा व्यक्त की।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मेहर गढ़वाल समाज ने होली मिलन में लिया सामाजिक एकजुटता का संकल्प



**इटारसी, देशबन्धु।** मेहर (गढ़वाल) कल्याण परिषद क्षेत्रीय समिति इटारसी का सामाजिक होली मिलन समारोह मिलन रविवार को मैरिज गार्डन जमानी रोड इटारसी में हुआ। समाज के सदस्यों ने एकदूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में इटारसी एवं आसपास के लगभग 400 लोग शामिल हुए। सभी ने सौहार्द्र पूर्ण रंग गुलाल परस्पर लगाकर सामाजिक बंधुओं के साथ होली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर सभी ने सामाजिक एकजुटता के साथ समाज की तरक्की का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष जीपी मेहरा रहे उन्होंने इस सामाजिक होली मिलन के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्रीय समिति इटारसी ने बहुत अच्छा कार्यक्रम किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र मेहरा, प्रांतीय महासचिव अशर्फी लाल बमालिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पीआर बतोसिया, क्षेत्रीय समिति इटारसी के अध्यक्ष मुकेश कुमार बामलिया, उपाध्यक्ष ओपी चौहान, सचिव कैलाश चंद्र बीलिया, कोषाध्यक्ष कपिल जुनानिया, सह सचिव धर्मेन्द्र सुराजिया समस्त कार्यकारिणी एवं मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

### युवक ने डंपर के सामने कूदकर दी जान

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के खेड़ा क्षेत्र में रविवार को शाम लगभग 4 बजे एक अज्ञात युवक की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि खेड़ा क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर स्थित ऋषि इंडस्ट्रीज के पास मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे डंपर के सामने युवक कूद गया। घटना स्थल के पास के लोगों ने बताया कि वह बहुत देर से डिवाइडर पर बैठा था। सिटी पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की जांच कर रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि युवक सड़क किनारे बैठा हुआ था। जैसे ही डंपर आया, वह अचानक उसके सामने कूद गया। डंपर के पहिए के नीचे आने से युवक का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक शराब के नशे में था। पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी है।


### पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 30 और 31 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 30 और 31 मार्च को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। मेले में केरियर काउंसलिंग का आयोजन भी होगा। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने समस्त प्राचार्य / प्रधान पाठक अशासकीय विद्यालय जिला नर्मदापुरम एवं समस्त पुस्तक एवं गणवेश विक्रेता जिला नर्मदापुरम (द्वारा बी.आर.सी) को निर्देशित कि है कि वे मेले में पुस्तक विक्रेताओं को कक्षावार पुस्तकों की जानकारी, न्यूनतम मूल्य और छूट की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इसके अलावा, यदि यूनिफॉर्म में कोई परिवर्तन है, तो विद्यालयों को इसकी जानकारी देनी होगी और बस्ते के बोझ को कम करने के लिए पुस्तकें पाठ्यक्रम में चलाने के लिए समुचित कार्यवाही करनी होगी।

### विश्व क्षय दिवस पर जनजागरूकता रैली का आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के टीबी स्टाफ, शहरी आशा कार्यकर्ता और जिला क्षय केंद्र के स्टाफ द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली जिला अस्पताल से गांधी चौराहा होते हुए निकाली जाएगी। इस दौरान पोस्टर और बैनर के माध्यम से क्षय रोग के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि उक?त आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 को बढ़ावा देना है।

### जिले की 188 ग्रामीण आशाओं ने सर्टिफिकेशन परीक्षा में लिया भाग



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज 23 मार्च 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटारसी में आशा सर्टिफिकेशन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिले की 188 ग्रामीण आशाएं, जो कि बाबई एवं डोलरिया विकासखंड से संबंधित हैं, ने इस परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के आयोजन में केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल एवं परीक्षा इंचार्ज श्री तुली जी का विशेष सहयोग रहा। यह परीक्षा तीन चरणों में की जाती है – ऑनलाइन परीक्षा, प्रैक्टिकल परीक्षा, और सैद्धांतिक परीक्षा। उप निदेशक आशा भोपाल ने केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस कारखाने इटारसी का दौरा किया और परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# कार्यशाला में उपभोक्ताओं ने जाने सुरक्षित बैंकिंग के गुर





**इटारसी, देशबन्धु।** हर पल, हर जगह, आपकी बैंकिंग, अब तो आ गई है डिजिटल बैंकिंग। इसके साथ ही बैंक का बड़ा सा भवन अब समा गया है, आपकी हथेली में मोबाईल बैंकिंग के रूप में। यह बात राजेश पाराशर ने भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कार्यशाला में कही। कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में केएम दुबे ने बताया कि अपनी बचत का पैसा बैंक में ही क्यों रखा जाना चाहिये, नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कम्पनी क्या हैं, डिपोजिट एकाउंट के कितने प्रकार हो सकते हैं। उन्होंने लॉकर सुविधा, लोन के विभिन्न प्रकार जैसे किसान लोन, एजुकेशन लोन, होमलोन की जानकारी दी। नर्मदापुरम संभाग के सर्टिफाईड फाइनेंसियल प्लानर अनिल कुमार साहू ने कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में वित्तीय जागरूकता के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम, फिक्स्ड डिपाजिट, रिकरिंग डिपाजिट, करेंट एकाउंट, बेसिक सेविंग बैंक डिपाजिट, एफडी और आरडी खातों पर टैक्स देनदारी, बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केवाइसी को बोझ न समझें,

कार्यशाला में भोपाल से आमंत्रित एस पुरोहित ने रिसोर्स पर्सन के रूप में कहा कि आजकल जैसे ही आप मोबाईल पर कोई नम्बर डायल करते हैं, तो एक वैधानिक चेतावनी सुनाई पड़ती है। इसे इग्नोर करना आपको भविष्य में नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि साइबर ठग आपकी एक छोटी सी लापरवाही का इंतजार कर रहे होते हैं। साइबर ठगी का शिकार का शिक्षा से कोई संबंध नहीं है, अनेक उच्च शिक्षित भी इनके छलावे में आ जाते हैं। उन्होंने विभिन्न प्रकार के फ्रॉड जैसे फिशिंग, लॉटरी, मनी म्यूल्स के बारे में सतर्क किया।

प्रतिभागियों को पपेट शो तथा मेजिक शो के माध्यम से वित्तीय जागरूक करने एम एस नरवरिया ने प्रतिभागियों के साथ गतिविधियां की। प्रतिभागियों को रोचक तरीके से वित्तीय जागरूकता का संदेश देने कई खेलों का आयोजन किया गया। सांपसीढ़ी का संचालन हरीश चौधरी ने किया। सही जोड़ी बनाने के खेल को कैलाश पटैल ने करवाया। राजेश पाराशर ने बताया कि कार्यशाला में बैंक खाते में नामिनेशन डीईए फंड डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, एमएसएमई लोन, शासकीय योजनायें जैसे गैस सब्सिडी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटलपेंशन योजना, दीनदयाल अंतोदय योजना की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन ग्राम मोरपानी, डांडीवाड़ा, सहेली में किया गया।

## धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव, 10 अप्रैल को निकलेगा भव्य चल समारोह



**इटारसी, देशबन्धु।** श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केन्द्र श्री हनुमान धाम मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। तीन दिवसीय जन्मोत्सव को लेकर मंदिर समिति की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। रविवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर में सेवादार सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे आयोजन की अंतिम तैयारियों एवं रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि 12 अप्रैल शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, इस अवसर पर मंदिर में भजन-कीर्तन, हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, महाआरती, भंडारे का आयोजन होगा। 10 अप्रैल गुरूवार शाम 4 बजे मंदिर से चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। 11 अप्रैल को मंदिर में रामायण पाठ किया जाएगा।

10 अप्रैल शाम 4 बजे मंदिर परिसर ओव्हर ब्रिज से होकर सिटी थाने, बस स्टैंड, स्टेशन रोड आरएमएस चौराहा, जयस्तंभ, सराफा होते हुए हनुमान मंदिर में संपन्न होगी। शोभायात्रा में रामभक्त हनुमान जी की मनोहारी प्रतिमा, डीजे, ढोल, घोड़े, बैंड, साज-सज्जा, अखाड़े एवं राम दरबार की झांकी रहेगी। 11 अप्रैल श्री रामायण पाठ आयोजन सुबह 9 बजे से श्री रामायण समिति में नरेन्द्र तिवारी, मोहनदास चौरे एवं हनुमान धाम भजन समिति शामिल रहेगी। 12 अप्रैल सुबह 4 बजे मंदिर समिति सदस्य नर्मदा स्नान को जाएंगे, यहां से नर्मदा जल लाकर हनुमान जी की प्रतिमा का जलाभिषेक होगा, इसके पश्चात दोपहर में हवन, पूजन, महाआरती के बाद शाम 4 बजे से भंडारा प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचेंगे। बैठक में मंदिर समिति सदस्य लखन बैस, नरेन्द्र सिंह राजपूत, पुजारी पं. नरेन्द्र तिवारी, पवन बोहरा, पंकज शर्मा, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, ऋषि दुबे, प्रशांत अग्रवाल पिंटू, सुनील दरड़ा, शैलेन्द्र ठाकुर, विश्वनाथ सिंघल, अनिल भदौरिया, सुभाष कामले, मनोज सारन, राजेन्द्र तोमर, दशरथ सराठे, उमेश पटेल, संजय नगरिया, गौतम सोलंकी, अंशुल सहगल, मुकेश गांधी, अशोक साकल्ले, सुधांशु मिश्रा, दीपक परेदशी, चौरे दादा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**मंदिर में चालू होगी लिफ्ट, साज-सज्जा का काम जारी** – समिति सदस्य लखन बैस, नरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि समाजसेवी रोहित बबेजा ने अपने पिता स्वर्गीय प्रमोद बबेजा की स्मृति में मंदिर में लिफ्ट निर्माण का काम शुरू कराया है, लिफ्ट चालू होने से दिव्यांग, बुर्जुग एवं महिला श्रद्धालु ओव्हर ब्रिज से सीधे मंदिर में पहुंच सकेंगे, उन्हें सीढ़ियां चढ़ने-उतरने की समस्या से राहत मिल जाएगी। समिति ने मंदिर के शिखर का सौंदर्यीकरण एवं रंग-बिरंगी विद्युत साज-सज्जा का काम शुरू किया है, भविष्य में यहां द्वादश ज्योर्तिलिंग स्थापना का काम भी होगा। लिफ्ट का काम तेजी से चल रहा है। समिति ने बबेजा परिवार के इस सहयोग को लेकर आभार जताया है।

**जुड़ी है लाखों श्रद्धालुओं की आस्था** – इटारसी-भोपाल रेलखंड पर श्री हनुमान धाम मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है, कई दशक पहले यहां एक प्राचीन मढ़िया थी, धीरे-धीरे यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मान्यता है कि इस मंदिर में श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है। मंदिर समिति ने मंदिर का जीर्णोद्वार कर आज इसे जिले का भव्य और सुविधायुक्त मंदिर के रूप में विकसित किया है, भविष्य में मंदिर विकास की कई योजनाएं हैं, जिसे दानदाता श्रद्धालुओं के सहयोग से पूरा करने की तैयारी है।साल भर यहां हिन्दू व्रत-त्यौहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

**समिति का पंजीयन, स्थाई सदस्यता ले सकेंगे श्रद्धालु** – मंदिर में जारी निर्माण एवं विकास कार्यो के अलावा साल भर होने वाले धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रमों में आर्थिक प्रबंध के लिए मंदिर समिति ने दानदाताओं की स्थाई सदस्यता बनाने का निर्णय लिया है, श्रद्धालु सदस्यता लेकर मंदिर में मासिक एवं वार्षिक दानराशि प्रदान कर सकेंगे, इसके लिए समिति अपना बार कोड जारी करेगी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सदस्यता के लिए नए श्रद्धालुओं को शामिल किया जाएगा। भविष्य में शासन से मंदिर समिति के पंजीयन की कार्रवाई भी शुरू होगी।



## महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंची सांसद

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदा पुरम क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर 18 गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर सरकार की महिला सशक्तिकरण को लेकर चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की और आधुनिक समय में महिलाओं का हर क्षेत्र में सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए महिला खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। नर्मदापुरम क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने सांसद माया नारोलिया का अभिवादन करते हुए ग्राउंड पर शेड निर्माण का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव की आवश्यकता को समझते हुए सांसद माया नारोलिया ने तत्काल सांसद निधि से शेड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी। मैच के पूर्व सभी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। इस मौके पर अनुराग मिश्रा मानसेवी सचिव, नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश चौरे, योगेश परसाई, उपाध्यक्ष, महिला चयन समिति के दिलीप नामदेव, सिलेक्शन कमेटी के चेयरमेन संजय नाफड़े, एनडीसीए के सदस्य अनंत तिवारी, रामकृष्ण चौरे, नितेश राजपूत, गजेंद्र सलोंकी एवं महिला क्रिकेट कोच वर्षा पटेल और कृतिका चावरे, फाल्गुनी स्कोरर शिवानी संतोरे, अंपायर हरीश हानोतीया, लक्की तोमर सहित नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा जिले की महिला टीम मौजूद रही।

### बाजार से एक्टिवा चोरी

**इटारसी, देशबन्धु।** बीती रात पोस्ट आफिस के पास स्थित बाजार क्षेत्र से एक दुकानदार की सफेद रंग की एक्टिवा गाड़ी चोरी चली गई है। शहर के बाजार क्षेत्र में अज्ञात सक्रिय हैं जो कि आए दिन बाजार वाले क्षेत्र से ही वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। बताया जा रहा है कि शहर के बाजार क्षेत्र में स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने वाले मार्केट से शनिवार की रात करीब 9 बजे व्यापारी मनोहर देवानी के द्वारा गुड़िया ड्रेसेस के सामने प्रतिदिन की ही तरह सफेद रंग की एक्टिवा गाड़ी क्रमांक 8332 को खड़ी कर श्री देवानी अपनी दुकान पर चले गए थे। जब रात्रि 9 बजे के आसपास अपनी दुकान बंद करके गाड़ी उठाने पहुंचे तो मौके से गाड़ी गायब थी। शिकायत उनके द्वारा सिटी थाने पहुंचकर करवाई गई है।

### मां नर्मदा स्कूल में मनायी ग्रेजुएशन सेरेमनी

**इटारसी, देशबन्धु।** मां नर्मदा स्कूल में 21 मार्च को प्रमोशन सेरेमनी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं के साथ पालक उपस्थित थे। इस दौरान प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आए बच्चों को प्रमाण पत्र और मैडल से स मानित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से प्रथम दक्षेस साहू शत प्रतिशत, द्वितीय योगित चौरे 99.37, तृतीय स्थान अद्विक झरिया 99.12 प्रतिशत रहे। कक्षा एलकेजी से प्रियांशी कैथवास प्रथम 98 प्रतिशत, समर्थ विश्वकर्मा द्वितीय 97.75, अर्णव कुमार तृतीय स्थान 97.50, कक्षा यूकेजी से आस्था सिंह प्रथम 95.87 प्रतिशत, ज्ञानीश कुशवाहा द्वितीय 86.87, तेजस्व मेहरा तृतीया 86.50 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा फर्स्ट में विहान चौधरी प्रथम 95.50, द्वितीय हर्ष मीणा 95, एवं तृतीय आरव कुमार एवं धान्या तिवारी 91.30, कक्षा सेकेंड से मन्नत मेहरा 95.10, द्वितीय आयुष उदयपुरे 91.50, तृतीय प्रियल मेहरा 98.70, स्थान प्राप्त किया। कक्षा थर्ड में श्रेयांश राय प्रथम 91.70, दीक्षा मोर द्वितीय 90.10, हार्दिक मीणा तृतीया 86.80 स्थान प्राप्त किया। कक्षा फोर्थ से सुरभि झरिया प्रथम 96.60, जानवी गोठवाल 89.30, अश्विनी देव तृतीया 87.30 स्थान पर रही। कक्षा सिक्स्थ से सुदीक्षा साहू प्रथम 97.91 प्रतिशत, वंशिका मायवाड. द्वितीय 91.66, कक्षा सेवनथ से प्रिंस पटेल प्रथम 76.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी क्रम में अन्य एक्टिविटी जैसे 100 प्रतिशत उपस्थिति में मयंक मालवीय कक्षा एलकेजी एवं हर्षित विश्वकर्मा क्लास छठवीं से, ओवरऑल पार्टिसिपेशन अवार्ड में शानवी प्रजापति एलकेजी, उन्नति मेहरा कक्षा दूसरी, लीडरशिप अवार्ड में नताशा बरखने कक्षा यूकेजी से, पंक्चुअलिटी अवार्ड हर्षिता चौरे कक्षा चौथी से, मोस्ट क्रिएटिव स्टूडेंट अवार्ड में अयांशी भद्रेले कक्षा यूकेजी और वाणी बार्वे कक्षा तीसरी से स मानित किए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल कृति अग्रवाल द्वारा बच्चों को बधाई दी एवं मां नर्मदा महाविद्यालय के संचालक दीपक अग्रवाल ने मंच से संबोधित किया। मंच संचालन का कार्य श्रीमती प्रियंका बिल्लौरे द्वारा किया गया।

## शहीद दिवस पर युवा मोर्चा ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि



**इटारसी, देशबन्धु।** शहीद दिवस के अवसर पर 23 मार्च को भारतीय जनता युवा मोर्चा इटारसी द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के कार्यालय में श्रद्धाजंलि अर्पित कर उन्हें याद किया। 1931 में इसी दिन अंग्रेजों ने लाहौर जेल में इन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी थी। इसी कारण 23 मार्च को पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए तीनों शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों के बलिदान की वजह से ही आज हम एक स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर जयकिशोर चौधरी, राहुल चौरे, गोपाल शर्मा, अभिषेक निर्मल, राहुल प्रधान, चंदन बाथरी, संदीप तिवारी, रिषभ चौहान, श्रेयांक तिवारी, रुद्रांश ठाकुर, प्रतीक मालवीय, प्रतीक चौरसिया, रोहित चौरसिया, मुन्ना उइके, वीरु बाथरी, मनोज शर्मा, शैलेंद्र शेलू पहलवान, जितेंद्र पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रथम तीर्थंकर श्रीऋषभदेव का जन्म कल्याणक एवं तप कल्याणक मनाया




**इटारसी, देशबन्धु।** संपूर्ण भारतवर्ष में आज जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर आदि देव, श्रीऋषभदेव का जन्म कल्याणक एवं तप कल्याणक मनाया गया। शहर इटारसी में जैन समाज के द्वारा प्रात:श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कावेरी स्टेट से एक रथ यात्रा निकाली गई, जिसे समाज के सभी पुरुष एवं महिलाओं के द्वारा खींचा गया।

शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई रथ यात्रा वापस आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कावेरी स्टेट पहुंची। यहां भगवान का महा मस्तका अभिषेक किया गया। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष दीपक जैन एडवोकेट ने बताया कि वर्ष में एक बार भगवान का महा मस्तीका अभिषेक होता है। आज महामस्तका अभिषेक करने का प्रथम सौभाग्य पारस सेनेटरी परिवार इटारसी एवं प्रथम शांतिधारा करने का सौभाग्य आयुष आनंद जैन परिवार तथा भ्रमण कर आए आदिनाथ भगवान या अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य अजंता परिवार इटारसी को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सभी सामाजिक बंधुओं ने आपस में मिलकर पात्र भावना के रूप में भोजन ग्रहण किया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पाठशाला के बच्चों ने सामाजिक प्रेरणा देती हुई अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनमोह लिया। साथ ही एक शाम भगवान आदिनाथ के नाम प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था, जिसमें लोगों ने भगवान आदिनाथ के जीवन परिचय पर आधारित बहुत से प्रश्नों का उत्तर दिया और पुरस्कार जीते। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि 24 मार्च को परम पूज्य विराग सागरजी महाराज की प्रथम शिष्य माता श्रीससंघ 16 माताश्री का इटारसी में आगमन हो रहा हैं, जिनकी भव्य अगवानी की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। ज्ञात रहे गुरु माता का संघ कोलकाता से इंदौर की ओर बिहार कर रहा है।

## खदान में तीन अधिकारियों की मौत का जिम्मेदार कौन ?, जांच जारी



**सारणी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोल फील्ड एरिया पाथाखेड़ा में पिछले दिनों हुई दर्दनाक घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। खदान में तीन अधिकारी स्तर के कोल कर्मियों की जान जाने के बाद यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इस घटना के लिए जिम्मेदार कौन है? स्थानीय प्रबंधन की लापरवाही है या फिर जाय कंपनी की, जो खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन चला रही है?

वेस्टर्न कोलफील्ड एरिया पाथाखेड़ा ने कोल खनन में कई कीर्तिमान रचे हैं और हमेशा से यहां सुरक्षा को ध्यान में रखकर कोल खनन किया गया है। पाथाखेड़ा कोल माइंस एरिया में वेस्टर्न कोल फील्ड एरिया स्तर पर सुरक्षा सप्ताह मनाया जाना था, जिसकी तैयारियां भी बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी थीं। मुख्यालय से कार्यक्रम के लिए अलग से बजट भी जारी हो चुका था। लेकिन, सुरक्षा सप्ताह के कुछ दिन पहले ही प्रबंधन के तीन अधिकारी स्तर के कोल कर्मी असुरक्षा की भेंट चढ़ गए और उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। पाथाखेड़ा कोल माइंस एरिया में सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही कोल खनन किया जाता रहा है, फिर भी छतरपुर वन खदान में सुरक्षा सप्ताह के पूर्व खदान में असुरक्षा के कारण एक माइनिंग इंजीनियर, एक माइनिंग सरदार और एक सुपरवाइजर ऐसे तीन कोल कर्मियों की जान चले जाना कोल इंडिया कंपनी में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा पर सवालिया निशान है। कोल कंपनी में कार्यरत कोल कर्मियों की सुरक्षा की जवाबदारी स्थानीय प्रबंधन और प्रबंधन के मुखिया की होती है, हालांकि यह जांच का विषय है कि जिम्मेदार कौन है?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त घटना रूफपाल के कारण हुई। इसके लिए जिम्मेदार खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन का संचालन करने वाली जाय कंपनी भी हो सकती है। जाय कंपनी द्वारा अक्सर परमिशल लिमिट से ज्यादा कोल खनन किया जाता है। जब कंटीन्यूअस माइनर मशीन कोल खनन करती है, उसके बाद सपोर्टिंग मशीन द्वारा खनन हुए एरिया में सपोर्टिंग की जाती है, परंतु इस बार शायद तत्काल सपोर्टिंग नहीं की गई। मूलतः कोलकाता की जाय कंपनी ने पाथाखेड़ा क्षेत्र में कार्य आरंभ के दौरान से ही स्थानीय मजदूरों का शोषण शुरू कर दिया गया था। स्थानीय मजदूरों से 12 घंटे काम कराकर 8 घंटे का ही वेतनमान दिया जाता रहा है, जिसके कारण मजदूर शोषण का शिकार हैं और जाय कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने इस संबंध में पूर्व में भी प्रदर्शन किया है।

जाय कंपनी द्वारा लेबर सप्लाई का कार्य शहडोल जिले के कॉन्टैक्टर शिवेंद्र सिंह को दिया गया है, एवं शिवेंद्र सिंह द्वारा स्थानीय मजदूरों से 8 की जगह 12 घंटे काम कराया जाता है और उन्हें माह में 15-17 दिन ही काम दिया जाता है। इस प्रकार कोल ठेका मजदूरों का तो शुरू से ही शोषण किया जाता रहा है, परंतु अब कंपनी की लापरवाही के कारण कोल कर्मियों की जान चली गई। उक्त घटना से जुड़े प्रबंधन के अधिकारियों एवं जाय कंपनी के स्थानीय अधिकारियों की काल डीटेल्स निकली जाए तो जल्दी ही घटना के लिए जिम्मेदारों तक पहुंचा जा सकता है।

## तीन खेतों में जली नरवाई, पुलिस, दमकल के साथ आग पर पाया काबू



**इटारसी, देशबन्धु।** आदिवासी विकासखंड केसला में आज ग्राम छीतापुर में एक खेत की नरवाई में आग लग गई, वहीं ग्राम दौड़ी झुनकर रोड पर दो खेतों की नवाई में आग लग गई। ये खेत अनिल पवार और श्याम पवार के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। आग की खबर दमकल को दी गई। पुलिस थाना केसला के स्टाफ ने एक ही समय में दो जगह पर लगी आग पर फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पा लिया। समय रहते नरवाई की आग बुझा ली गई जो अन्य खेत में नहीं फैली। घटना का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। आग बुझाने में दो दमकल और दो पानी पीने का टैंकर की मदद ली गई। दौड़ी झुनकर रोड पर अनिल हनोते का ढाई से तीन एकड़ और नीलकमल ढाबा के पीछे दो एकड़ के लगभग श्याम पवार के खेत में नरवाई जली है।

## सार-समाचार

### कायस्थ बन्धु समिति ने घर जाकर किया सम्मानित



**रायसेन, देशबन्धु।** कायस्थ समाज मासांहार, दहेज मुक्त बने इसके लिए कायस्थ बंधु समिति भोपाल सहित अन्य नगरों महानगरों में लगातार श्री चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक कर रही है। महाअभियान की नीतियों से प्रभावित होकर कायस्थ समाज के लोग बढ़ चढ कर अभियान में शामिल हो रहे है। इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को भोपाल के होशंगाबाद रोड, बागसेवनिया, आदर्श नगर में समर्थक रश्मि सक्सेना को कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने मांसाहार दहेज.मुक्त अभियान मे शामिल होने पर पीला गमछा पहनाकर सम्मान मे भगवान श्री चित्रगुप्त जी की तस्वीर भेट कर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया है। रश्मि सक्सेना विगत लम्बे समय से कायस्थ बंधु के मांसाहार दहेज मुक्त अभियान में व्यक्तिगत रूप से सहभागिता कर रही है। इस सम्मान के अवसर पर रश्मि सक्सेना ने भविष्य में अपने छोटे बेटे का विवाह मांसाहार दहेज मुक्त अभियान के तहत करने का संकल्प भी लिया है। कायस्थ समाज मे बिन दहेज मांग विवाह होने के साथ साथ माँसाहार खान–पान पर रोक लगे इसके लिए समिति शाकाहारी महिलाओ को लेकर घर घर श्री चित्रगुप्त घर घर सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

### नर्मदा परिक्रमा कर लौटे मुकाती का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** मां नर्मदा परिक्रमा कर लौटे नगर के युवा नारायण भूरू मुकाती का मुस्लिम समाज द्वारा वक्फ बोर्ड के तहसील अध्यक्ष मिर्जा फारूक बेग के नेतृत्व में उनके निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर एवं साफा बांधकर भव्य स्वागत किया। इस मुकाती ने बताया कि 1 हजार के लगभग लोग परिक्रमा में साथ चल रहे थे। 15 नवंबर 2024 को मैं मां नर्मदा परिक्रमा के लिए गया था। 4 माह 4 दिन 124 दिन बाद आष्टा लौटा हूं। प्रतिदिन 30 से 35 किलोमीटर पैदल चलना होता है। भगवान की अराधना करते हुए चलते है। मुकाती का स्वागत करने वालो मे वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल, तहसील अध्यक्ष मिर्जा फारूक बेग, मोहम्मद सादिक,सलीम ठेकेदार, जहूर मंसूरी, इसराईल मंसूरी, अनूप जैन, मनीष डोगरे, रूपेश राठौर कल्लू मुकाती आदि शामिल है।

### तैतीस कोटी देवता गौ माता में विराजते है: आचार्य रुद्रा

**आष्टा, देशबन्धु।** ग्राम गवाखेड़ा मुल्लानी गो शाला मानसरोवर आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ कथा वाचक वैष्णव आचार्य सुनील रुद्रा के मुखरविंद से कथा के तीसरे दिवस भक्त प्रहलाद की कथा कही गए साथ ही गौ माता की महिमा बताते हुए उनमे तैतीस कोटी देवता गौ माता मे विराजते है ओर सभी से गौ पालने की प्रेरणा दी इस अवसर पर अखंड वैष्णव बैरागी संप्रदाय के सभी सदस्यों ने मिलकर कथा व्यास सुनील रुद्रा महाराज को साफा बंधा कर सम्मानित किया । इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी ओर महंत कन्हया दास बैरागी तहसील अध्यक्ष मुकेश बैरागी निर्मल बैरागी संतोष बैरागी कृष्णा बैरागी एव सकल वैष्णव समाज उपस्थित रहा।

39 वारंटियों को किया गिरफ्तार

# पुलिस ने एक साथ रात्रि कांबिंग गश्त कर गुंडे-बदमाशों पर की कार्रवाई





**रायसेन, देशबन्धु।** कानून व्यवस्था एवं आगामी त्योहारों को लेकर रायसेन पुलिस की रात्रि कांबिंग गश्त और गुंडे–बदमाशों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। मध्य रात्रि में असामाजिक तत्वों, वारंटियों, आदतन अपराधियों, गुण्डा, जिला बदर बदमाशों को चैक किया एवं लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा थाना कोतवाली के बल को ब्रीफ़ कर रवाना कर रात भर की कांबिंग गस्त की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में शनिवार मध्य रात्रि में समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर संपत्ति संबंधी अपराधियो की चेकिंग, असामाजिक तत्वों, स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि कॉम्बिग गस्त की गई। रात्रि कॉम्बिंग गस्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने 39 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। 51 गिरफ्तार वारंट तामिली कराए गए। 63 संपत्ति संबंधी आरोपियों को चेक किये । थाना क्षेत्र के अस्पतालो मे भ्रमण। एमवी एक्ट के तहत कुल 16 प्रकरणों में 7,500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों पुलिस द्वारा अपने–अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया। कॉम्बिंग गश्त से पूर्व अनुभाग वार पुलिस बल को अलग–अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा फोर्स को ब्रीफ किया गया, उसके बाद अलग–अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया। जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में अस्पताल, होटल, ढाबा, एटीम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ व वाहनों को चेक किया गया। इसके साथ ही थाना क्षेत्र मे पड़ने वाले शासकीय/अशासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रो का भ्रमण कर चेक किया। गश्त के दौरान पुलिस ने 160 से अधिक हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों की रात में चेकिंग की साथ ही उन्हें आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी।

# बढ़ती पेयजल किल्लत, अवैध नल कनेक्शन बढ़ा रहे संकट



**सांची, देशबन्धु।** नगर में कुछ वर्षों से गर्मी तेज होने के पहले ही पेयजल किल्लत एक गंभीर समस्या बन चुकी है। जहां पहले कभी पानी की कोई कमी नहीं होती थी, वहीं अब बारिश के अभाव और अवैध नल कनेक्शनों की वजह से जल संकट गहरा गया है। हालांकि, प्रशासन ने वैध कनेक्शन धारियों पर जलकर में वृद्धि कर दी है, लेकिन अवैध जल उपभोक्ताओं पर लगाम कसने में वह नाकाम रहा है। इस स्थिति में अवैध कनेक्शन धारक न केवल नि:शुल्क जल प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि जल आपूर्ति में बिजली की खपत का बोझ भी सामान्य जनता को उठाना पड़ रहा है।

यह स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब प्रशासन अवैध कनेक्शन धारकों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठा नही पाता है। इसकी वजह से वैध कनेक्शन धारक, जो पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं, अब जलप्रदाय में दो दिन में एक बार सप्लाई प्राप्त कर रहे हैं। वाबजूद इसके जलकर में कोई कटौती नहीं की गई, जिससे अवैध उपभोक्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ हो रहा है। यदि प्रशासन अवैध कनेक्शन धारकों पर सख्ती से कार्रवाई करता है और उन्हें वैध करता है तो न केवल जल संकट पर काबू पाया जा सकता है, बल्कि प्रशासन की आय में भी वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा वैध कनेक्शन धारकों पर दबाव कम होने की संभावना बढ़ जाएगी। इस दिशा में प्रशासन की तत्परता और कार्रवाई से स्थिति में सुधार संभव हो सकेगा।

## जैन मुनि संघ का विमान उत्सव, बैंडबाजे के साथ निकली शोभायात्रा



**रायसेन, देशबन्धु।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 निष्कम सागर और मुनि श्री निष्काम सागर के सानिध्य में विमान उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से हुई। विमान यात्रा 8:30 बजे शांतिनाथ जिनालय पहुंची। यात्रा के दौरान जैन श्रद्धालुओं ने जगह–जगह मुनिराज के पाद प्रक्षालन किए और श्रीजी की आरती उतारी। इससे पहले जैन समाज ने नए बस स्टैंड से बैंड–बाजों के साथ मुनि संघ की भव्य अगवानी की। इस अवसर पर आष्टा, बेगमगंज और थाना बमोरी के लोग भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देश पर 25 पुलिसकर्मियों की व्यवस्था संभाली।

## सपा सांसद के खिलाफ क्षत्रिय राजपूत महासभा ने किया प्रदर्शन



**रायसेन, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राज्यसभा में दिए गए विवादित बयान के विरोध में क्षत्रिय राजपूत महासभा ने प्रदर्शन किया। सागर तिराहे पर रविवार शाम 6 बजे क्षत्रिय राजपूत समाज के लोगों ने एकत्र होकर सुमन के बयान की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने विरोध स्वरूप सांसद का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। क्षत्रिय राजपूत समाज के राकेश तोमर और बबलू ठाकुर ने सुमन के बयान को महाराणा सांगा का अपमान बताया। उन्होंने सुमन की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की। नेताओं ने बताया कि रायसेन का महाराणा सांगा से गहरा नाता रहा है। महाराणा की बेटी रानी दुर्गावती का विवाह रायसेन किले के राजपूत राजा से हुआ था। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती ने मुगलों के सामने न झुकते हुए 700 रानियों के साथ रायसेन किले पर जौहर किया था। विरोध प्रदर्शन में शिवराज सिंह कुशवाहा, प्रभांशु भदोरिया, विक्की ठाकुर सहित क्षत्रिय समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# युवा रघुवंशी समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई



**सिलवानी, देशबन्धु।** रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष अजय पटेल रघुवंशी की विशेष उपस्थित में बैठक का आयोजन ग्राम रोसरा के रामजानकी मंदिर किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र रघुवंशी पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मदनपुर वालों के द्वारा की गई। बैठक को युवा जिला अध्यक्ष अजय रघुवंशी, मदन रघुवंशी, नरेश रघुवंशी, रामकुमार रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, कृष्ण कुमार महेंद्र रघुवंशी, राधारमण रघुवंशी, अरविंद रघुवंशी संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज की एकता,संगठन विस्तार, समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किए जाने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाए जाने आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। युवा जिला अध्यक्ष अजय पटेल ने कहा कि समाज के लोगों को राजनीतिक रूप से जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में शिक्षित करना है जिससे समाज के लोग अपने समाज के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगे। इन सुझावों के अलावा, रघुवंशी समाज के लोगों को एक–दूसरे के साथ संवाद करने और एक–दूसरे की समस्याओं को समझने की आवश्यकता है। इससे समाज के लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे और वे एक–दूसरे के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। बैठक में मंडीदीप,खरगोन, बरेली, उदयपुरा गैरतगंज सहित जिले के विभिन्न स्थानों से आए समाजजन शामिल हुए संचालन अंकित रघुवंशी के द्वारा कि या गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील रघुवंशी द्वारा प्रस्ताव पारित कर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप रघुवंशी को बनाया गया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राममोहन रघुवंशी, रामकुमार रघुवंशी, राममोहन रघुवंशी, रामबाबू रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, राजीव रघुवंशी, मिथलेश रघुवंशी, मनोज रघुवंशी, ललित रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, राजेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# खरवाई टोल प्लाजा पर पकड़ा मवेशियों से भरा वाहन



**रायसेन, देशबन्धु।** भोपाल रोड स्थित खरवाई टोल प्लाजा पर रविवार सुबह 4 बजे एक 407 वाहन पकड़ा गया, जिसमें पशुओं को क्रूरता से बांधकर ले जाया जा रहा था। टोल प्लाजा पर मौजूद बंटी विश्वकर्मा ने सबसे पहले इस वाहन को देखा। उन्होंने वाहन में मौजूद चालक और एक अन्य व्यक्ति से पूछताछ की। संदिग्ध जवाब मिलने पर बंटी ने गांव के अन्य लोगों को सूचना दी। इस दौरान रायसेन से शुभम कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे। चालक मौका देखकर फरार हो गया। वाहन को रायसेन श्री कृष्ण गौशाला ले जाया गया। वाहन में मौजूद 10 पशुओं को गौशाला में छोड़ा गया। शुभम कुशवाहा ने बताया कि पशुओं को क्रूरता से बांधकर भोपाल लेकर जा रहे थे। खरवाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 18 पेटी अवैध शराब ले जाते वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार



**आष्टा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, अति. पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना सिद्दीकगंज पुलिस को को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बुलेरो कार में अवैध शराब परिवहन कर ग्राम पानीगांव से श्यामपुरा जंगल की ओर जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना सिद्दीकगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर संदिग्ध बुलेरो को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में 18 पेटी अवैध शराब पाई गई। वाहन में बैठे व्यक्ति से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने अपना नाम नरेन्द्र तिवारी पिता कोशल तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी भागोर, थाना कोतवाली, जिला दतिया. बताया। आरोपी के विरुद्ध धारा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने मौके से कुल 18 पेटी अवैध शराब कीमत लगभग 70 हजार 500 एवं बुलेरो वाहन की कीमत लगभग 10 लाख बताई जा रही है जो जब्त कर ली गई है। । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिद्दीकगंज निरीक्षक राजूसिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक मघेसिंह, आरक्षक काव सिंह रावत, आरक्षक राहुल मांझी, आरक्षक राकेश डावर, आरक्षक अम्बालाल, आरक्षक अमित, सैनिक संतोष वर्मा, सैनिक धर्मेन्द्र वर्मा एवं सैनिक देवराज वर्मा की अहम भूमिका रही।

# कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू



**सिलवानी, देशबन्धु।** ग्राम साईं खेड़ा में श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर में रविवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। जिसमें पूर्व विधायक ठाकुर राम पाल सिंह राजपूत के साथ क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। कलश यात्रा बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी दास महाराज के नेतृत्व में निकाली। महिलाएं फूलों से सजे कलशों को लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा ग्राम साईंखेड़ा के खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से जयकारे लगाए और रास्ते में जगह–जगह पूजा अर्चना की। यात्रा के मार्ग में भव्य स्वागत किया गया और विभिन्न स्थानों पर धार्मिक ध्वनियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के दौरान पंडित विपिन बिहारी दास महाराज कथा का वाचन करेंगे। साईंखेड़ा के नीरज साहू ने बताया कि कथा 29 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी।

## पूर्व विधायक रामपाल की उपस्थिति में पं. बिहारी दास का स्वागत



**सिलवानी, देशबन्धु।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी दास महाराज के श्रीमुख से ग्राम साईंखेड़ा में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा साप्ताहिक कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम साईंखेड़ा जाते समय सिलवानी नगर के टोल प्लाजा पर पंडित विपिन बिहारी दास महाराज का भव्य स्वागत हुआ। इस स्वागत समारोह का आयोजन पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत ने इस दौरान पंडित विपिन बिहारी दास महाराज के धार्मिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन हम सभी के जीवन को रोशन करता है। उनके द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आए हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश राय सिल्लु यादव, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू, राजू साहू, ग्राम सेवक राज कुमार साहू, राजेश कुशवाह, सीता राम साहू, मेडिकल कान्त यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम, सोमवार 24 मार्च 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# रिया से माफी मांगें मीडिया ट्रायल वाले

फिल्म अभिनेता सुशान्त सिंह राजपूत की मौत के साढ़े चार वर्षों के बाद अंतत: केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत को क्लोज़र रिपोर्ट थमा ही दी जिसके कारण उनकी मित्र रही रिया चक्रवर्ती को, जो स्वयं भी एक अदाकारा रही हैं, लगभग एक माह तक जेल की सलाखों के पीछे तो रहना ही पड़ा था, देश भर के नफ़रतियों तथा सुशान्त की मौत का राजनीतिक लाभ लेने वालों की ओर से जिल्लतों का सामना करना पड़ा था। देश की मुख्यधारा का मीडिया कितने पूर्वाग्रहों और गैरजिम्मेदाराना ढंग से काम करता है- यह भी साबित हुआ है। दर्शक संख्या बढ़ाने के लिये, जिसे टीआरपी कहा जाता है, न्यूज़ चैनलों ने सारी हदें पार कर मामले को सनसनीखेज तो बनाया ही था, एक मासूम की इज्ज़त को तार-तार भी किया था। इस मामले को बाकायदा बिहार बनाम पश्चिम बंगाल तक का रूप दे दिया गया था। सोशल मीडिया पर भी भरपूर ज़हर परोसा गया था। सीबीआई ही नहीं, वरन पांच अलग-अलग स्तरों पर मामले की जांच हुई थी। देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी को किसी भी तरह की साजिश के कोई साक्ष्य नहीं मिले। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार उसने सुशान्त के पिता की शिकायत वाले मामले में पटना की विशेष अदालत के सामने और दूसरे मामले में मुंबई की विशेष अदालत में क्लोज़र रिपोर्ट दाख़िल की है।

अब सवाल यह है कि क्या मीडिया ट्रायल चलाने वाले अपनी गलती स्वीकारेंगे और खासकर रिया से क्षमा मांगेंगे जिस पर झूठे आरोप लगाये गये तथा जिसकी प्रतिष्ठा को धूल-धूसरित किया गया? हिन्दी सिनेमा के कामयाब व लोकप्रिय कलाकार सुशान्त 14 जून, 2020 को मुम्बई के बान्द्रा स्थित अपने फ्लैट में मृत पाये गये थे। बताया जाता था कि वे अवसादग्रस्त तो रहते ही थे, उन्हें ड्रग्स की भी लत थी। पहले से आशंका थी कि उन्होंने नशीली दवाओं का ओवरडोज़ लिया था और खुदकुशी की थी, लेकिन मीडिया के साथ सुशान्त के परिजनों ने रिया पर हत्या का आरोप लगाया। इसका मकसद सुशान्त के पैसे तथा जायदाद हड़पना बताया था। पहले तो मुंबई पुलिस ने जांच की तथा इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या बतलाया लेकिन परिजनों के शोर-शराबे के बाद बिहार पुलिस और अंतत: सीबीआई ने इसकी जांच की। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अपने-अपने एंगल से जांच की थी परन्तु हत्या के सबूत नहीं मिल सके। इसलिये जांच के बाद अब सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट अदालत में दाखिल कर दी है। हालांकि अब न्यायालय तय करेंगी कि इसे स्वीकारना है या आगे जांच के आदेश देने हैं।

अभिनेता का सीधा-सीधा आत्महत्या का लगता मामला मीडिया ट्रायल के चलते व राजनीतिक दबावों के कारण पेचीदा कर दिया गया था। पुलिस एवं सुशान्त की बहनों द्वारा लगाये गये आरोपों के साथ सीबीआई ने उस मामले पर भी गौर किया जो रिया चक्रवर्ती ने सुशान्त की बहनों के ख़िलाफ़ बांद्रा कोर्ट में दायर किया था। उसने सुशान्त की बहनों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने दिल्ली के किसी डॉक्टर की फ़र्ज़ी पर्ची के आधार पर अपने भाई को दवाइयां दी थीं। इन दवाओं के सेवन से ही कलाकार की मौत हुई। सुशान्त का पोस्टमार्टम कूपर हॉस्पिटल में किया गया था जिसमें मौत की वजह 'दम घुटने' से बताई गई। एम्स के डॉक्टरों का बोर्ड भी बनाया गया था जिसने अपनी रिपोर्ट सीबीआई को सौंपी थी।

रिया का मामला मुफ्त में लड़ने वाले प्रसिद्ध वकील सतीश माने शिन्दे ने सीबीआई की तारीफ करते हुए जो कहा है वह ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बयान दिया है कि, 'सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में झूठी ख़बरें फैलाई गईं। निर्दोषों को मीडिया और जांच अधिकारियों के सामने परेशान किया गया। उम्मीद है कि यह किसी अन्य मामले में दोहराया नहीं जाएगा। रिया को अनगिनत दुखों से गुज़रना पड़ा और बिना गलती के 27 दिनों तक सलाखों के पीछे रहना पड़ा, जब तक कि मुंबई हाईकोर्ट ने उन्हें ज़मानत पर रिहा नहीं किया।' उन्होंने रिया तथा उनकी टीम को मिलने वाली धमकियों का ज़िक्र भी किया तथा रिया के परिवार की तारीफ की कि उन्होंने चुप रहकर भी अपने साथ हुए अमानवीय व्यवहार को सहन किया। उन्होंने न्यायपालिका का ज़िक्र करते हुए कहा- 'यह देश अभी भी बहुत सुरक्षित है। न्याय की मांग करने वाले हर नागरिक को हमारी जीवंत न्यायपालिका से उम्मीद है।'

रिया जैसी उभरती हुई कलाकार के खिलाफ जिस प्रकार से देश भर में विषाक्त माहौल बनाया गया, उससे उसे कई महीनों तक सतत अपमान और प्रताड़ना झेलनी पड़ी थी। उसके खिला़फ़ मनगढ़ंत आरोप सोशल मीडिया पर तैरते रहे। कथित मुख्यधारा के मीडिया ने भी एक बेकसूर महिला को न सिर्फ सरेआम अपमानित किया वरन उसके जीवन के सबसे खूबसूरत वर्षों को बर्बाद कर उसका कैरियर ही तबाह कर दिया। ऐसे हर उस मीडिया संस्थान और व्यक्ति को रिया से क्षमायाचना करना चाहिये। वे उस युवती के अपराधी हैं जो अपनी आंखों में ऊंचे ख्वाब लेकर मनोरंजन की दुनिया में कुछ करने आई थी। हालांकि ऐसी नैतिकता व साहस न तो इन टीवी चैनलों में शेष है, न ही उन लोगों में जो विवेकशून्य होकर किसी राष्ट्रीय सनसनी का उपकरण बन जाते हैं। सुशान्त सिंह का मामला बताता है कि मीडिया ट्रायल का असर और अंजाम किसी व्यक्ति के लिये कितना बुरा हो सकता है। इससे देश को बचना चाहिये क्योंकि यह खतरनाक प्रवृत्ति है जिसमें दोषी बचते हैं और निर्दोष पिसे जाते हैं। यदि सीबीआई की क्लोज़र रिपोर्ट को न्यायालय स्वीकार करती है तो उससे यह उम्मीद भी रहेगी कि वह मीडिया ट्रायल करने वालों की खबर ले।

# जलते हुए नोट सिर्फ न्यायपालिका नहीं मोदी की छवि भी धुआं-धुआं कर सकते हैं!

देश की न्यायपालिका को अब अपनी इज्जत बचाना मुश्किल पड़ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने उसी कोशिश में खुद दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर के जलते हुए नोटों का वीडियो जारी किया। कोशिश है कि सब नहीं पूरा ज्यूडीशरी सिस्टम नहीं इक्का-दुक्का हैं और हम खुद उन्हें छोड़ेंगे नहीं।

अच्छा वैरी गुड! तो सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में जज यशवंत वर्मा को बुला लीजिए! सारे दाग धुल जाएंगे। बर्खास्तगी की प्रक्रिया लंबी है। जटिल है। वह संसद के द्वारा होने दीजिए। हालांकि वहां भी मुश्किल है। सत्ता पक्ष क्यों साथ देगा। मोदी सरकार ने बचाने की पूरी कोशिश की। फायर ब्रिगेड जो हमेशा विवादों से दूर रही। केवल सराहना की ही पात्र रही। आग से लड़कर लोगों को बचाने वाली बहादुरी और साहस का प्रतीक। उससे झूठ कहलवा दिया कि हमने कोई नोट नहीं देखे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी वीडियो में फायर ब्रिगेड के कर्मी हतप्रभ, नोटों को बचाते हटाते दिख रहे हैं।

अपनी छवि बचाने के लिए सबकी छवि दांव पर लगा दी। देश की भी। पहले यह बोलकर कि न कोई आया है न कोई है कहकर। चीन के बचाव में। हमारे बहादुर सैनिकों की शहादत को झुठलाकर।

फिर अभी अमेरिका द्वारा भारतीयों को एक के बाद एक तीन जहाज में वह भी सैनिक जहाज में हथकड़ी-बेड़ियों के साथ वापस भेजने के शर्मनाक मामले में चुप रहकर। फिर एक के बाद वीडियो जारी करके भारत को खरी-खोटी सुनाने। ट्रंप के सामने मोदी के मौन बैठे रहने के वीडियो ने। यह कहना कि भारत को एक्सपोज कर दिया (डरा दिया) तो उसने टेरिफ (सीधा मतलब कि भारत से जो भी सामान अमेरिका जाएगा वह वहां सस्ते रेटों पर देना होगा) कम कर दिया।

भारत की एक डरी हुई छवि! चीन के सामने अमेरिका के सामने। मगर उसकी कोई चिन्ता नहीं। अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाने के लिए। शेरों से मिलने पहुंच गए। बीच में शीशा। इस पार मोदी जी उस पार शेर। मीडिया और भक्त लहालोट हो गए। हमारा शेर शेरों के बीच। फिर शावक को बोतल से दूध पिलाते हुए।

फिर भक्तों को पता नहीं क्या याद आया पन्ना धाय कि उस जैसा मातृत्व या फिर कोई बहादुरी का प्रतीक! लोगों को मजबूरी में नेहरू और इन्दिरा के वह फोटो डालना पड़े जिसमें वे शेरों के साथ खेल रहे हैं। हमने लिखा मजबूरी में। क्योंकि यह कोई स्वाभाविक बहादुरी का प्रतीक नहीं है। वीरता होती है अमेरिका को सामने-सामने सुनाने की। उसका हाथ पाकिस्तान की पीठ पर और इन्दिरा पाकिस्तान के दो टुकड़े करते हुए। उससे पहले जब विकासशील देश सब अमेरिका की कृपा पाने के लिए उसके साथ खड़े होने की घोषणा करते थे। नेहरू कहते थे नहीं हम किसी के खेमे में नहीं जाएंगे। हम तीसरी दुनिया बनाएंगे।

गुट निरपेक्ष। और उन्होंने एक गुट निरपेक्ष आन्दोलन खड़ा कर दिया। मिस्र के नासिर, युगोस्लाविया के टीटो, इंडोनेशिया के सुकर्णो के साथ मिलकर। यूएन के दो तिहाई राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व किया। 120 देश साथ थे। वह बहादुरी, साहस, अन्तरराष्ट्रीय ताकत। शेरों के साथ फोटो खिंचाने में क्या है? अभी गुगल पर डालिए हजारों लोगों के फोटो आ जाएंगे। शेरों के साथ। जंगल में। अपने लोगों को इसी तरह बेवकूफ बनाया जा रहा है। और सब तो नहीं

मगर भक्त और मीडिया तो बन रहा है। बीजेपी के लोग भी सब नहीं बन रहे। हंसते हैं। मगर डर है तो थोड़ा छुपकर।

तो यह जज साहब का मामला भी छवि बचाने का है। भ्रष्टाचार तो खतम हो गया। जो है वह विपक्ष के नेताओं के यहां है। काला धन भी खतम हो गया। जिसका हम प्रचार करते हैं वह भी विपक्ष के नेताओं के यहां मिला कहकर बताते हैं।

मगर वह मिलता और दिखता नहीं। मीडिया में कह देते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां नोट गिनने की मशीनें पहुंचाई गई हैं। अच्छा कितना करोड़ मिला। नहीं वह केवल कुछ लाख है। खेती किसानी वाले हैं, विधायकी की तनखा है। और कुछ लाख! केवल 35 लाख। मगर प्रचार तंत्र है।

विपक्ष के 197 नेताओं के मामले ईडी ने कोर्ट में पेश किए। यह कोर्ट में जाने वाले मामले हैं। छापे कितने विपक्ष के नेताओं के मारे, परेशान कितने लोगों को किया, यह तो बहुत बड़ी संख्या है। मगर जो कोर्ट में गए मामले उनमें से केवल तीन में सज़ा हुई। डेढ़ परसेंट! और यह माना है खुद मोदी सरकार ने संसद में।


शकील अख्तर

> **विपक्ष के 197 नेताओं के मामले ईडी ने कोर्ट में पेश किए। यह कोर्ट में जाने वाले मामले हैं। छापे कितने विपक्ष के नेताओं के मारे, परेशान कितने लोगों को किया, यह तो बहुत बड़ी संख्या है। मगर जो कोर्ट में गए मामले उनमें से केवल तीन में सज़ा हुई। डेढ़ परसेंट! और यह माना है खुद मोदी सरकार ने संसद में। तो अपनी छवि बनाने, बचाने का एक तरीका यह है एक कि दूसरे पर आरोप पर आरोप लगाओ।**

तो अपनी छवि बनाने, बचाने का एक तरीका यह है एक कि दूसरे पर आरोप पर आरोप लगाओ। नेहरू-गांधी पर आरोप लगाने से काम नहीं चल रहा तो मुगलों तक पहुंच जाओ। बस अपनी कमीज दूसरों की कमीज से ज्यादा साफ दिखना चाहिए। भक्तों और मीडिया की नजर में। हो या न हो!

इसलिए यह जज साहब का लगाया दाग थोड़ा मुश्किल हो गया। पुरानी घटना है। होली की। दबा दी थी। मगर अख़बार में खबर छप गई। अख़बार को मालूम नहीं था कि इतना बवाल हो जाएगा। जनता जाग जाएगी। नहीं तो नहीं छापता। जाने कितनी खबरें दबा दी गईं। मगर गलती हो गई। और फिर यह हुआ कि इसी दिन राज्यसभा में मामला उठ गया। उससे भी कुछ नहीं होता बहुत हल्के से उठा था। सुबह अखबार में नोटों का पहाड़ मिला खबर छपने के बाद लग रहा था कि विपक्ष संसद में हंगामा कर देगा। मगर तत्काल और तेज प्रतिक्रिया देना इसे आता नहीं है। जब सरकार में थे तब भी 2011 -12 से अन्ना हजारे और उनके साथ जुड़े भाजपा संघ, केजरीवाल और सिविल सोसायटी का एक फ्राड टर्म बनाकर जुड़े लोग यूपीए सरकार पर झूठे आरोप लगाते रहे और यह उसका जवाब नहीं दे पाए। सरकार गंवा दी। आज तक वापस इसीलिए नहीं ले पाए कि सही मौके पर अपनी बात कहना अभी भी नहीं सीख पाए।

लेकिन उस दिन राज्यसभा के सभापित जगदीप धनखड़ जो मोदी सरकार को बचाने में सबसे आगे आगे रहते हैं वह भी नहीं समझ पाए कि मामला तूल पकड़ने वाला है। उन्होंने भी कांग्रेस के जयराम रमेश के मामला उठाए जाने पर लंबी टिप्पणी कर दी। कहा चर्चा करवाएंगे।

बस यहीं से धुआं निकलना शुरू हो गया। वह आग जो एक हफ्ते पहले फायर ब्रिगेड बुझा आया था मगर सारी जानकारी पुलिस और सरकार को दे दी थी। जलते हुए नोटों के वीडियो भी। जिसे सरकार ने दबा दिया था। धुआं उठता देखकर सब फिर ताजा हो गया। सबसे बड़ी टिप्पणी इलाहाबाद से आई जहां आनन-फानन में जज वर्मा को वापस भेजा जा रहा था। हाई कोर्ट बार ऐसोसिएशन ने कहा कि कूड़ादान समझ रखा है हमें? इतने बड़े आरोप के बाद हमारे यहां पहुंचा रहे हो।

सब खेल बिगड़ गया। जनता में जो नफरत के नशे में औंधी पड़ी है कुछ सुगबुगाहट हुई। सुप्रीम कोर्ट को अपनी छवि बचाने की चिंता हुई। न्यायपालिका एक ऐसी चीज है जिसकी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा समीक्षा होती है। अकादमिक बहसें होती हैं। हमारे यहां की टीवी डिबेटों की तरह नहीं कि मोदी ही सत्य है बाकी सब पाप अनाचार। तो उसे तीन जजों की एक कमेटी बनाना पड़ी। जज वर्मा को कामकाज से अलग करना पड़ा। लाइन हाजिर। बहुत सारे शब्द हैं आम कर्मचारी के लिए तो लूप लाइन में डालना। और भी बहुत कुछ। मगर जज साहब शायद अभी भी आनरेबल (माननीय) हैं।

अब देखना है क्या होता है? सारे संविधानिक इन्स्टिट्यूशन (संस्थाएं) ढह गए हैं। क्या फिर से खुद को बचाने की कवायद शुरू करते हैं? हिम्मत लाते हैं? न्यायपालिका ने तो कुछ शुरूआत की है। हिचकते हुए। यू टर्न लेते हुए। मगर की है। बाकी संस्थाएं देखते हैं कितनी उनकी आत्माएं बची हुई हैं!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# 30 दिन के युद्ध विराम की योजना को बचाने के लिए ट्रम्प का पुतिन पर दबाव

■ अंजन रॉय

यूक्रेन युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र में उत्तर कोरिया, ईरान और रूस के साथ अमेरिका के वोट सहित रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके सर्वोत्तम प्रयासों और मिली रियायतों के बावजूद, पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति को एक बड़ा धोखा दिया है।

रूसी राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रम्प के 30 दिनों के लिए तत्काल युद्ध विराम के प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से ठुकरा दिया है, जिसे यूक्रेन ने पहले ही डोनाल्ड ट्रम्प के समक्ष स्वीकार कर लिया था। अब यह स्पष्ट हो गया है कि पुतिन युद्ध को रोकने के ट्रम्प के प्रयासों के हिस्से के रूप में प्रस्तावों का पालन करने के मूड में नहीं हैं।

हालांकि अमेरिका ट्रम्प के अहंकारी दावे से प्रभावित है कि सत्ता में आने के बाद वे 24 घंटे के भीतर युद्ध को समाप्त कर देंगे, लेकिन अब अमेरिकियों को एहसास हो गया है कि रूसी राष्ट्रपति ने उन्हें क्या धोखा दिया है। अब उन्हें बस इतना करना है कि वे कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ आगे बढ़ें और उन्हें बातचीत की मेज पर लाएं।

> **रूसी अड़ियल रवैये के साथ अमेरिकियों ने खुफिया जानकारी की आपूर्ति बढ़ा दी है। इस बहाली का एक परिणाम रूसी क्षेत्र में 500 किलोमीटर अंदर एक एयरबेस पर यूक्रेन के साहसी हमले में देखा जा सकता है। रूस ने एंगेल्स शहर के इस हवाई अड्डे पर अपने परमाणु सक्षम हमलावर बमवर्षक विमानों को रखा है। एंगेल्स एयरबेस पर रूसी टुपोलेव परमाणु हथियार सक्षम विमान हैं।**

डोनाल्ड ट्रम्प ने वायदा किया था कि अगर रूस और पुतिन युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत करने से इनकार करते हैं तो वे उन पर कड़े प्रतिबंध लगा देंगे। इनमें दो अलग-अलग तरह की कार्रवाइयां शामिल हैं।

पहली कार्रवाई के रूप में रूसी अर्थव्यवस्था को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करने हेतु आर्थिक प्रतिबंध लगाना होगा। रूस पहले से ही अब तक लगाये गये प्रतिबंधों से गंभीर तनाव में है, जैसे बैंकिंग लेनदेन पर प्रतिबंध और रूस के प्रमुख निर्यात में मुक्त व्यापार पर प्रतिबंध लगाना।

इन प्रतिबंधों ने रूस के सबसे महत्वपूर्ण निर्यात, ऊर्जा उत्पादों की बिक्री को कम कर दिया है। प्रतिबंधों ने रूसी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों को कम कर दिया है। इनका उठाव भी प्रभावित हुआ है क्योंकि कुछ प्रमुख खरीदार अब रूसी तेल और गैस से दूर हो गये हैं।

दूसरे, अमेरिकियों ने यूक्रेन के युद्ध प्रयासों के लिए सबसे महत्वपूर्ण इनपुट को रोकने की कोशिश की थी, अर्थात, खुफिया फीडबैक जो अमेरिकी खुफिया इनपुट के उपयोग से रूसी सैन्य प्रतिष्ठानों पर यूक्रेन के हमलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण थे। अमेरिकियों ने डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनके ओवल ऑफिस में ज़ेलेंस्की की विनाशकारी बैठक के बाद यूक्रेन को खुफिया इनपुट से काट दिया था।

लेकिन रूसी अड़ियल रवैये के साथ अमेरिकियों ने खुफिया जानकारी की आपूर्ति बढ़ा दी है। इस बहाली का एक परिणाम रूसी क्षेत्र में 500 किलोमीटर अंदर एक एयरबेस पर यूक्रेन के साहसी हमले में देखा जा सकता है। रूस ने एंगेल्स शहर के इस हवाई अड्डे पर अपने परमाणु सक्षम हमलावर बमवर्षक विमानों को रखा है। एंगेल्स एयरबेस पर रूसी टुपोलेव परमाणु हथियार सक्षम विमान हैं। इस एयरबेस का मुख्य रनवे अनुपयोगी हो गया है क्योंकि पूरे क्षेत्र में भीषण आग लग गई थी।

अब इन घटनाक्रमों के साथ अमेरिकी रणनीतिक और सुरक्षा विशेषज्ञों के लिए यह स्पष्ट है कि रूसियों ने डोनाल्ड ट्रम्प के त्वरित युद्धविराम और फिर शांति समझौते के प्रयास को छोड़ दिया है। लेकिन यह विफलता राष्ट्रपति को व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करती है और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाती है।

सार्वजनिक रूप से स्पष्ट अपमान को देखते हुए, पूरा प्रशासन शांति समझौते की दिशा में प्रगति का दिखावा करने के लिए कमर कस रहा है। पुतिन को बातचीत की मेज पर लाने में अपनी विफलता को स्वीकार करने के बजाय, ट्रम्प एक बेहतरीन वार्ताकार और सौदा करने वाले के रूप में अपनी छवि को पेश करने और बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं।

एक प्रसिद्ध रणनीतिक विशेषज्ञ ने बताया है कि पुतिन दक्षिणी यूरोपीय रंगमंच में सोवियत संघ के रणनीतिक नियंत्रण को फिर से हासिल करने के लिए बहुत लंबी अवधि का खेल खेल रहे हैं। सोवियत संघ के दिनों में, रूस अपने बंदी 'तालाब' के रूप में काला सागर को नियंत्रित करता था।

अब सोवियत संघ के टूटने के बाद, उसने काला सागर और उसके आस-पास के क्षेत्रों को खो दिया है। रोमानिया और बुल्गेरिया पश्चिमी क्षेत्र में चले गये हैं और तुर्की पहले से ही नाटो का प्रमुख सदस्य बना हुआ है। इसलिए, रूस काला सागर तट पर अपने नये पैर जमाने की कोशिश कर रहा है।

पुतिन अपने दीर्घकालिक सुरक्षा दृष्टिकोण पर खेल रहे हैं जिसमें काला सागर एक महत्वपूर्ण खेल का मैदान है। पुतिन यूक्रेन के प्रमुख व्यापारिक केंद्र ओडेसा बंदरगाह सहित ब्लैक सी पर नियंत्रण करना चाहते हैं। इसलिए, पुतिन यूक्रेन के साथ अपने युद्ध को आगे बढ़ाने और ब्लैक सी तट के साथ क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। ऐसा लगता है कि जब तक इनमें से कुछ दीर्घकालिक इच्छाएं पूरी नहीं हो जातीं, तब तक पुतिन यूक्रेन युद्ध को नहीं रोकेंगे। अमेरिकी कूटनीतिक और रणनीतिक समुदाय अब इन दीर्घकालिक कारकों को देख रहे हैं और इसलिए वे युद्ध को रोकने के लिए रूस पर अधिकतम दबाव की वकालत कर रहे हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### नामवर बनाम प्रलेस

*'यह संभव है कि स्वायत्तता का उद्घोष करते हुए लेखक किसी समूह या संगठन से न जुड़ना चाहे, लेकिन यह भी उतना ही मुमकिन है कि समूह-संगठन से जुड़ा लेखक सार्वजनिक भूमिका निभाने नहीं, वरन् व्यक्तिगत स्वार्थवश उसमें सम्मिलित हुआ हो! बहरहाल, हमारे सामने साक्ष्य हैं कि बीसवीं-इक्कीसवीं सदी की दुनिया में मौजूदा परिस्थितियों से विचलित-व्यथित, कितने ही प्रतिभाशाली व प्रतिष्ठित लेखक हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठे रहे। उन्होंने जहां अपनी रचनाओं से पीड़ितजनों में उत्साह का संचार किया, उनकी संघर्षशीलता को धार दी, वहीं वे एक चेतनासंपन्न नागरिक के रूप में भी निजी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हुए। स्पेन का गृहयुद्ध, द्वितीय विश्वयुद्ध, तानाशाहियाँ, सैनिक शासन, साम्राज्यवाद इनके विरुद्ध लेखकों की सजग भूमिका के अनेक उदाहरण गिनाए जा सकते हैं। ऐसे अवसरों पर हमने उन्हें किसी राजनैतिक दल के सदस्य के रूप में देखा तो कभी जनयुद्ध में एक सैनिक के रूप में, कभी भूमिगत आंदोलन के कार्यकर्ता के रूप में। गरज यह कि उन्होंने संगठन के स्तर पर काम करने से स्वयं को दूर नहीं रखा।'*

**(अक्षर पर्व सितंबर 2016 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/09/blog-post_5.html

## गुरवाणी विचार

### रसना गुण गोपाल निधि गायन

देही गांवा जिओ हर महतौ बसहि पंच किरसाना।
नैनू न कह श्रवण रसपति इंद्रो कहिआ न माना।
बाबा अब न बसहो ऐहो गांवो घड़ी घड़ी का लेखा मांगे।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा भक्त कबीर दास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमारा यह शरीर एक नगर है और इसमें जो जीवात्मा है वह इस नगर की चौधरी है मुखिया है, लंबरदार है। इस शरीर रूपी नगर में पांच किसान- आंखें, नाक, कान, और इंद्रीय विराजमान हैं। यह पांचों ही किसान अपने मालिक मुखिया का कहना न मानते हुए उसे ही उलटी सलाह देते रहते हैं और अपनी मनमानी करते रहते हैं। चौधरी आंखों को आदेश देता है कि ऐ मेरे नेत्रों तुम हर वक्त प्रभु परमात्मा का ध्यान करो।

मेरे नेत्रों मेरियो हर तुमसे जोति धरी
हरि बिन और ने देखो कोई।

नेत्र कहना न मानते हुए अपनी मनमर्जी करते हैं और प्रभु परमात्मा का ध्यान न लगाते हुए सांसारिक मोह-माया में. टीवी सीरियल, सिनेमा में ही गलतान रहते हैं। कानों को चौधरी कहता है कि प्रभु संकीर्तन सुनो पर वे ठीक उसके विपरीत पराई निंदा सुनने में ही मस्त रहते हैं-

ऐ सरवनों मेरियो साचै सुनने नूं पठाये।
सरीर लाये सुनो सत वाणी।।

पर वह इसे सुनने को तैयार ही नहीं रहते। फिर जीभ को आदेश देता है कि अपने स्वादों में ही हर वक्त मत लगे रहा कर थोड़ा-बहुत प्रभु गुण भी बखान कर लिया करो क्योंकि प्रभु गुण गान करते रहने पर ही तेरा कल्याण हो सकता है-

रसना गुण गोपाल निधि गायन
सांत सहज रहस मन उपजियो
सब्बे दुख पलायन।

पर जीभ अपने माविक चौधरी का कहना न मानते हुए अपनी मनमानी करती रहती है और सिमरन बंदगी करने से कतराती रहती है। हर वक्त तरह-तरह के व्यंजनों के स्वाद चखने में ही लगी रहती है। इसी तरह नाक और इंद्रियां चौधरी का कहना न मानते हुए सांसारिक विषय विकारों में ही गलतान रहती हैऔर बुरी संगत में ही फंसी रहती है। इसीलिए भक्तजी प्रभु परमात्मा से ही बिनती कर रहे हैं कि ऐ मेरे परमात्मा इस तरह आज्ञा का उल्लंघन हो रहा है। इस बात को अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किये जा रहे क्षण प्रतिक्षण का लेखा जोखा घर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त जी द्वारा लिखा जा रहा है तो जब ये मेरे किसान पांचों इंद्रियां मेरा कहना न मानते हुए उलटा ही काम कर रहे हैं तब मैं आपकी कचहरी में कहां से उजले मुख से आ पाऊंगा। इसलिए मैं इस गांव में बसना नहीं चाहता। प्रभु परमात्मा ने मानुस देही देकर उसके किसी पूर्व जनम के पुण्य कर्म के कारण इस धरा पर भेजा है अतएव हर इंसान का फर्ज बनता है कि वह अपनी मानव देही पाने का सम्पूर्ण लाभ उठा ले ताकि फिर वह धर्मराज की कचहरी में जमदूतों की मार से बच सके और प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सके। तभी उसका मानव जीवन में इस धरा पर आना सार्थक समझा जाएगा। पांचों इंद्रियों का ध्यान प्रभु में धीरे-धीरे ही लग पाएगा। क्योंकि 84 जनमों का हिसाब-किताब इस मानव देही में है इसलिए वह इस संसार को ही अपना समझने लगता है। वह भूल जाता है कि एक दिन उसे यह शरीर, संसार का सुख सब यहीं छोड़कर जाना है।

इसलिए हमें समय रहते चेत जाना चाहिए और प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए कि वही हम पर कृपादृष्टि बनाए रखे ताकि हमारी इंद्रियां उसके ध्यान में लग जाएं।

तुम करो दया मेरे सांई
ऐसी बुद्धि करो परमासा
सदा सदा तुध धिआईं।।

**-इदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### फोन की लतः एक गंभीर समस्या

आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है, लेकिन इसका अत्यधिक उपयोग एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। लोग घंटों सोशल मीडिया पर बिताते हैं, ऑनलाइन गेम खेलते हैं, वीडियो स्ट्रीमिंग का आनंद लेते हैं और इंटरनेट पर अनावश्यक रूप से सर्फिंग करते हैं, जिससे वे फोन पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं। यह निर्भरता धीरे-धीरे एक लत का रूप ले लेती है, जिसका असर न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सेहत पर भी पड़ता है।

फोन की लत के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार स्क्रीन पर देखने से आंखों की रोशनी कमजोर हो सकती है, जबकि अत्यधिक फोन उपयोग मानसिक तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। देर रात तक मोबाइल का उपयोग नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जिससे अगले दिन की कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, फोन में व्यस्त रहने के कारण सामाजिक रिश्तों में दूरी आ जाती है, क्योंकि लोग परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने की बजाय स्क्रीन में ही उलझे रहते हैं। यह आदत धीरे-धीरे व्यक्ति को एकांतप्रिय बना सकती है, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है।

फोन की लत केवल व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं बल्कि कार्यक्षमता को भी प्रभावित करती है। जब व्यक्ति अपने कार्य या पढ़ाई के समय भी फोन पर निर्भर रहता है, तो उसकी एकाग्रता कम हो जाती है और उत्पादकता में गिरावट आती है। खासकर छात्रों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है, क्योंकि वे पढ़ाई के दौरान बार-बार सोशल मीडिया या गेम्स की ओर आकर्षित होते हैं, जिससे उनका ध्यान भटक जाता है और उनकी शैक्षिक प्रगति प्रभावित होती है।

इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण भी फोन का अत्यधिक उपयोग है। कई बार लोग वाहन चलाते समय कॉल पर बात करते हैं या मैसेज भेजने में व्यस्त रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। यह लापरवाही न केवल उनके जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा बन जाती है।

इस समस्या से बचने के लिए फोन के उपयोग का समय निर्धारित करना आवश्यक है। हमें यह तय करना चाहिए कि कब और कितनी देर के लिए फोन का उपयोग किया जाए। डिजिटल डिटॉक्स अपनाने से भी इस लत से छुटकारा पाया जा सकता है, जिसमें सप्ताह में कम से कम एक दिन फोन से पूरी तरह दूरी बनाई जाए। इसके अलावा, सोशल मीडिया का सीमित उपयोग, पढ़ाई और कार्य के दौरान फोन को दूर रखना और शारीरिक व सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना भी प्रभावी उपाय हो सकते हैं।

तकनीक का सही उपयोग हमें विकास की ओर ले जाता है, लेकिन जब यह हमारे जीवन पर हावी हो जाती है, तो यह एक समस्या बन जाती है। संतुलित जीवनशैली अपनाकर ही हम इस लत से बच सकते हैं और एक स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

**विधी अग्रवाल, रायपुर**

# खेल जगत

## अयोध्या में बन रहा सबसे बड़ा स्टेडियम, 85 फीसद काम पूरा : चंचल मिश्रा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल का निर्माण हो रहा है। इसका लगभग 85 फीसद काम पूरा हो गया है। जल्द ही इसे खेल विभाग के हवाले कर दिया जाएगा। उसके बाद इसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर की खेल स्पर्धाओं का आयोजन हो सकेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम का निर्माण कार्य बहुत तेज गति से चल रहा है। इसका 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सन 2006 से इसका कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन बीच में बजट के अभाव से काम रुक गया था। अब सीएनडीएस द्वारा इसका 85 प्रतिशत निर्माण पूरा कर लिया गया है। शेष 15 प्रतिशत काम दो-तीन माह में पूरा हो जाएगा। उसके बाद स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि हस्तांतरण के बाद खेल विशेषज्ञ की टीम बुलाई जाती है।



## आईपीएल 2025 : सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन हराया

■ 287 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही



**हैदराबाद,** 23 मार्च (एजेंसियां)। इशान किशन (नाबाद 106) की तूफानी शतकीय पारी और ट्रैविस हेड (67) रनों की अर्द्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हरा दिया। 287 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजी के रन बनाने के प्रयास में 50 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। यशस्वी जयसवाल (एक), कप्तान रियान पराग (चार) और नीतीश राणा (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने संजू सैमसन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 111 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में हर्षल पटेल ने संजू सैमसन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन ने 37 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (66) रन बनाये। अगले ही ओवर में एडम जम्पा ने ध्रुव जुरेल को आउटकर राजस्थानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जुरेल ने 35 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए (70) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर और शुभम दुबे ने गेंद की पिटाई जारी रखी। राजस्थान का छठा विकेट आखिरी ओवर में शिमरॉन हेटमायर के रूप में गिरा। शिमरॉन हेटमायर ने 23 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। शुभम दुबे 11 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाकर (34) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण के आगे राजस्थान के बल्लेबाज निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 242 रन ही बना सके और 44 रनों से रोमांचक मुकाबला हार गये। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी और एडम जम्पा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तूफानी अंदाज में (45) रन जोड़े। चौथे ओवर की पहली गेंद पर महीश तीक्षणा ने अभिषेक शर्मा को आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया।

### ईशान किशन ने 2025 पहला शतक लगाया

**हैदराबाद।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने रविवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नई फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए अपने पहले मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का अपना पहला शतक बनाया। 47 गेंदों में नाबाद 106 रन बनाने पर विचार करते हुए, किशन ने कहा कि वह अपनी क्षमताओं को जानते थे और इस पारी का इंतजार कर रहे थे। किशन, जिन्होंने पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए एक अर्द्धशतक सहित 320 रन बनाए थे, को एसआरएच ने 11.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो पिछले साल जेद्दा में हुई नीलामी में फ्रेंचाइजी द्वारा की गई सबसे महंगी खरीद थी। किशन ने पारी के मध्य में ब्रेक के दौरान कहा कि अच्छा लग रहा है, यह काफी समय से आ रहा था। पिछले सीजन में मैं यह शतक लगाना चाहता था, लेकिन पहला शतक लगाकर खुश हूं। टीम ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैं उनके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं।

### अभिषेक पिछले साल से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं : हेड

**हैदराबाद,** 23 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड अपने सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़ते कद से खुश हैं और आईपीएल 2025 सीजन में टीम के लिए मजबूत नींव रखने के लिए भी उत्सुक हैं। हेड पिछले सीजन में चार अर्धशतक और एक शतक सहित 567 रन बनाकर फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। दूसरी ओर, अभिषेक हेड से कुछ ही पीछे रहे और उन्होंने तीन अर्द्धशतक सहित 484 रन बनाए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत के लिए अपनी क्लास दिखाई। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने सीजन के पहले मैच की शुरुआत से पहले, हेड ने टीम के संयोजन और माहौल पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा किइ वापस आकर अच्छा लग रहा है, पिछले साल कुछ बेहतरीन पल देखे हैं। उम्मीद है कि यह फिर से सीजन की शुरुआत में हो और हम अपनी लय हासिल कर सकें। मैं इस बात का आनंद ले रहा हूं कि अभि (अभिषेक शर्मा) ने पिछले 12 महीने बहुत अच्छे बिताए हैं, वह पिछले साल से काफी बेहतर है और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

## आईपीएल 2025 : कोहली ने बनाया केकेआर के खिलाफ बड़ा रिकॉर्ड

**कोलकाता,** 23 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 7 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ की। ईडन गार्डन्स में केकेआर की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए थे, जिसके जवाब में आरसीबी ने यह टारगेट केवल 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। आरसीबी के लिए फिलिप साल्ट ने 31 गेंदों पर 56 रन और विराट कोहली ने 36 गेंदों पर नाबाद 59 रनों की पारी खेली। कप्तान रजत पाटीदार ने भी 16 गेंदों पर 34 रन बनाए। कोहली और साल्ट की जोड़ी अगर इस सीजन में इसी तरह के अंदाज को बनाए रखती है, तो यह आरसीबी के लिए बहुत बड़ी एडवांटेज होगी। खासकर आईपीएल रन चेज के दौरान साल्ट ने 10 पारियों में 48.33 की औसत और 175.40 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। कोहली तो चेज मास्टर हैं ही, ऐसे में यह जोड़ी इस सीजन में देखने लायक होगी। विराट कोहली ने अपनी लेटेस्ट पारी के साथ केकेआर के खिलाफ आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे पहले केवल डेविड वार्नर और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी ही ऐसा कर पाए हैं। हालांकि, कोहली के नाम ऐसा रिकॉर्ड भी दर्ज हो चुका है जिसमें उनका दूर-दूर तक कोई मुकाबला नहीं है। कोहली ने आईपीएल के इतिहास में चार टीमों के खिलाफ अब तक एक हजार या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। केकेआर के अलावा यह टीमें हैं- चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स।



■ कोहली के नाम ऐसा रिकॉर्ड भी दर्ज हो चुका है जिसमें उनका दूर-दूर तक कोई मुकाबला नहीं

### पिछले दो सीजन से हमने देखा विराट कोहली 2.0 अवतार : हेडन

**कोलकाता।** आईपीएल 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में विराट कोहली ने नाबाद अर्धशतक (59 रन) लगाकर टीम को जीत दिलाई। उनकी इस पारी की पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने जमकर तारीफ की और इसे 'चेजिंग मास्टरक्लास' करार दिया। उन्होंने कोहली के हालिया फॉर्म को 'कोहली 2.0' कहा। आईपीएल के इतिहास के टॉप बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने 2024 के प्रदर्शन को जारी रखते हुए एक बार फिर बेहतरीन बल्लेबाजी की। फिलिप साल्ट (31 गेंदों में 56 रन) के साथ धमाकेदार ओपनिंग साझेदारी के बाद कोहली ने 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को 7 विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद मैथ्यू हेडन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि यह लक्ष्य विराट कोहली के लिए एकदम सही था। जब ऐसी पिच पर सामान्य या सामान्य से थोड़ा अधिक स्कोर हो, तो कोहली और भी शानदार प्रदर्शन करते हैं। फिलिप साल्ट ने भी स्ट्राइक रेट बढ़ाने में मदद की।

## ऋषभ पंत की अग्निपरीक्षा और दिल्ली के नए पेस अटैक के पास बड़ी जिम्मेदारी

**विशाखापत्तनम,** 23 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच सोमवार को बड़ा मुक़ाबला होने जा रहा है, जहां कई दिलचस्प जंग देखने को मिल सकती हैं। निकोलस पूरन दिल्ली के तेज गेंदबाजों के खिलाफ धमाकेदार रिकॉर्ड रखते हैं, लेकिन कुलदीप यादव उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। वहीं, एडन मारक्रम अपनी फॉर्म सुधारने के इरादे से उतरेंगे, लेकिन दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ उनका पिछला रिकॉर्ड चिंता बढ़ा सकती है। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे, लेकिन स्पिनरों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहा था। आइए आंकड़ों के जरिए देखते हैं कि इस मैच से हम क्या उम्मीद कर सकते हैं। निकोलस पूरन का अक्षर पटेल के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है, जहां उन्होंने 4 पारियों में 18 गेंदों पर 63 रन बनाए हैं और एक बार भी आउट नहीं हुए हैं। वहीं टी नटराजन के खिलाफ भी पूरन का रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली रहा है, जहां उन्होंने 5 पारियों में 30 गेंदों पर 52 रन बनाए हैं और एक भी बार आउट नहीं हुए है। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 173 का रहा है। यहां तक कि मुकेश कुमार के खिलाफ पूरन 170 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। लेकिन दिल्ली पास इस समस्या का समाधान भी है। कुलदीप यादव के खिलाफ पूरन का प्रदर्शन संघर्षपूर्ण रहा है। कुलदीप के खिलाफ उन्होंने 10 पारियों में 64 रन बनाने के लिए 64 गेंदें खेली हैं और 5 बार आउट हुए हैं। कुलदीप के खिलाफ उनका औसत 12.8 और स्ट्राइक रेट सिर्फ 100 का रहा है। एडन मारक्रम का आईपीएल 2024 में प्रदर्शन औसत रहा, जहां उन्होंने 11 पारियों में 24.4 की औसत और 124 के स्ट्राइक रेट से 220 रन बनाए। हालांकि इससे भी बड़ी चिंता की बात यह थी कि आईपीएल 2024 के दौरान स्पिनरों के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 111 का रहा। स्पिन के खिलाफ उन्होंने 9 पारियों में 90 रन बनाए और 4 बार आउट हुए।



■ ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे

### सिरसा में जूडो के ट्रायल आज

**सिरसा,** 23 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार की खेल नीति के अनुसार 24 मार्च को शाम 4 बजे सिरसा के शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम बरनाला रोड में वर्ष 2025-26 के लिए जूडो खेल की सरकारी खेल नर्सरी के लिए खिलाडियों के ट्रायल लिए जाएंगे। इस खेल नर्सरी में अर्चना जूडो कोच भीम अवॉर्डी द्वारा कोचिंग दी जाएगी। जूडो खेल ओलंपिक कॉमनवेल्थ एशियन गेम में खेला जाने वाला है, इसमें खिलाडियों के लिए अपना करियर बनाने के लिए काफी अवसर है। जूडो कोच अर्चना ने बताया कि इस स्कीम में 8 से 15 वर्ष के चयनित खिलाडियों को 2000 प्रतिमाह और 15 से 19 वर्ष के चयनित खिलाडियों को 2500 प्रतिमाह राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए आने वाले युवा अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक खाते की प्रति अवश्य लेकर आएं।

## पहले मैच की हार से हताश नहीं हैं रहाणे

**कोलकाता,** 23 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद कप्तान रहाणे को भरोसा है कि 'अनुभवी, खतरनाक और विस्फोटक' बल्लेबाजी इकाई इस हार से उबरकर वापसी करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 31 गेंदों में 56 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलाई, इससे पहले क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने केकेआर के प्रसिद्ध मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया, जिससे टीम 230 से अधिक के स्कोर की संभावना के बावजूद 174/8 रन ही बना सकी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रहाणे ने कहा कि मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी अनुभवी, खतरनाक और विस्फोटक खिलाड़ी हैं। उन्होंने पहले भी इस तरह की कई परिस्थितियों का सामना किया है। यह हमेशा उन्हें स्वतंत्रता देने और उन्हें अपना खेल खेलने की अनुमति देने के बारे में है। उन्होंने कहा कि जब यह काम करता है, तो यह अच्छा लगता है। यह आज काम नहीं आया और यह ठीक है, ऐसा होने वाला है। यह एक लंबा टूर्नामेंट है; हम हर व्यक्ति का समर्थन करने जा रहे हैं। बल्ले से अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, अनुभवी खिलाड़ी ने साझा किया, मेरे लिए, यह टीम में योगदान देने के बारे में है। मैं जो भी रन बनाता हूं, वह हमेशा टीम के लिए होता है, और यही मेरे लिए मायने रखता है। मैं उन रनों को स्कोर करना और जीतना पसंद करूंगा।रहाणे ने केकेआर के लिए ओपनिंग कॉम्बिनेशन पर भी कुछ प्रकाश डाला और कहा कि हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजों पर हावी होना पसंद करते हैं। क्विंटन डी कॉक इस प्रारूप में एक खतरनाक खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने शीर्ष क्रम में रन बनाए हैं।



■ रहाणे ने 56 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलाई

### अगर मार पड़े तो सिर्फ अच्छी गेंद पर ही पड़े : कुणाल

**कोलकाता।** क्रुणाल पांड्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में मुख्य स्पिनर की भूमिका में अपने प्रमोशन का जश्न आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में 3 विकेट (29 रन देकर) लेकर मनाया। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह प्रदर्शन किया, जिसमें अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह के अहम विकेट झटके। ये तीनों विकेट उन्होंने 11वें से 15वें ओवर के बीच निकाले, जिससे केकेआर की पारी लड़खड़ा गई। केकेआर ने 10 ओवर तक 107/2 का स्कोर बना लिया था, लेकिन इसके बाद क्रुणाल की स्पिन ने उन्हें रोक दिया। प्लेयर ऑफ द मैच बने क्रुणाल ने मैच के बाद कहा कि जब आप इतने बड़े क्राउड के सामने खेलते हैं, तो आपको एकाग्रचित्त होना पड़ता है। मैंने वही किया। जब मैंने अपने दूसरे ओवर में वापसी की मैंने इस बात पर फोकस किया कि मुझे कहां गेंदबाजी करनी है। अगर मार पड़े भी, तो सिर्फ अच्छी गेंद पर पड़े।



## आईपीएल 2025 : शार्दुल ठाकुर लखनऊ सुपर जाएंट्स में शामिल

**विशाखापत्तनम,** 23 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। शार्दुल पिछले साल हुई मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वह अब तक आईपीएल में पांच टीमों - चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स, पीबीकेएस), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट (अब नहीं है) के लिए 95 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 67 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 8.89 है। आईपीएल के बयान के अनुसार, अनुभवी ऑलराउंडर ठाकुर को रजिस्टर्ड उपलब्ध खिलाड़ी लिस्ट (आरएपीपी) से उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं और आईपीएल में भी उनका अनुभव बहुमूल्य रहेगा। मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान घुटने की गंभीर चोट (एसीएल टीयर) लगी थी। वह एलएसजी के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे, लेकिन नेट्स में गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। 33 वर्षीय शार्दुल, जो नीलामी में नहीं बिके थे, ने 2025 सत्र की शुरुआत में इंग्लैंड की एसेक्स टीम के लिए सात मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया था।



## धोनी ने अपने खेल से सबको चुप करा दिया : गावस्कर

**कोलकाता,** 23 मार्च (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ करने जा रही है। यह मुकाबला खास होगा क्योंकि दोनों टीमें पांच-पांच बार की चैंपियन हैं। लेकिन सबसे ज्यादा नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी, जो अब भी इस टूर्नामेंट के अहम खिलाड़ी हैं। धोनी के इस सीजन में खेलने को लेकर कई तरह की अटकलें थीं, लेकिन भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि जब भी लोगों ने धोनी पर सवाल उठाए, उन्होंने अपने खेल से सबको चुप करा दिया। धोनी जुलाई में 44 साल के हो जाएंगे और यह उनका लगातार 18वां आईपीएल सीजन होगा। इनमें से 16 सीजन उन्होंने सीएसके के लिए खेले हैं। उन्होंने अब तक 264 मुकाबलों में 5243 रन बनाए हैं और आईपीएल के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर हैं। उनके नाम 24 अर्द्धशतक भी दर्ज हैं। सुनील गावस्कर ने जियोहॉटस्टार से बातचीत में कहा कि हम धोनी दबाव क्यों डालें? जब भी लोगों ने उनकी क्षमता पर संदेह किया, उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन से जवाब दिया। इस उम्र में भी वह नेट्स में छक्के जड़ रहे हैं। उनके लिए उम्र महज एक संख्या है। रविवार को जब धोनी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे, तो उन्हें सीएसके के लिए 250 छक्के पूरे करने के लिए सिर्फ दो छक्कों की जरूरत होगी। धोनी ने सीएसके की कप्तानी करते हुए 212 मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें 128 मुकाबलों में जीत और 82 में हार मिली है। धोनी आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे क्रिस गेल (357), रोहित शर्मा (280) और विराट कोहली (272) हैं। धोनी 2008 से सीएसके के साथ जुड़े हुए हैं और टीम को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। हालांकि, 2016 और 2017 में स्पॉट फिक्सिंग विवाद के कारण जब टीम निलंबित हुई थी, तब वह कुछ समय के लिए अलग हुए थे। पिछले साल आईपीएल मेगा नीलामी में सीएसके ने उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर टीम में रखा है क्योंकि वह पिछले पांच साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने मुंबई और चेन्नई के इस मुकाबले को 'एल क्लासिको' कहा। उन्होंने कहा कियह दोनों टीमें आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं।



■ धोनी ने अब तक 264 मुकाबलों में 5243 रन बनाए हैं और आईपीएल के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर हैं

## पैरालम्पियन शीतल देवी ने पायल नाग को हराकर तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन शीतल देवी ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपना दूसरा स्वर्ण पदक सफलतापूर्वक जीता। ओडिशा की दिव्यांग तीरंदाज पायल नाग के खिलाफ जम्मू-कश्मीर की शीतल ने कंपाउंड तीरंदाजी ओपन फाइनल में 109-103 से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय राजधानी में तेज धूप के कारण खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे तीरंदाजों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना में कोई कमी नहीं आई। 40 वर्षीय राकेश कुमार और 30 वर्षीय ज्योति बालियान ने पदक जीते, जबकि 18 वर्षीय शीतल और 17 वर्षीय पायल ने भी कंपाउंड ओपन स्पर्धाओं में पोडियम पर अपनी चमक बिखेरी। वहीं एक अन्य मुकाबले में झारखंड के विजय सुंडी ने पुरुषों के रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में हरियाणा के विकास भाकर को 6-4 से हराया, जबकि हरियाणा की पूजा ने महिलाओं के रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में महाराष्ट्र की राजश्री राठौड़ को 6-4 से हराया। लेकिन सभी की निगाहें महिलाओं के कंपाउंड स्वर्ण पदक मैच पर थीं। शीतल देवी ने 8 और 7 के स्कोर के साथ शुरुआत की, जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। 17 वर्षीय पायल ने हालांकि तीसरे राउंड में बढ़त खो दी, जहां उन्होंने पहली बार 7 का स्कोर बनाया और शीतल ने 9 और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की।

■ 40 वर्षीय राकेश कुमार और 30 वर्षीय ज्योति बालियान ने पदक जीते

## भारत ने फीबा विश्व कप क्वालीफायर 2027 के लिए टिकट बुक किया

**मनामा,** 23 मार्च (एजेंसियां)। भारत ने ग्रुप एच में बहरीन को 81-77 से हराकर अंतिम क्वालीफाइंग चरण से फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया, जबकि चीनी ताइपे और गुआम ने ग्रुप जी में 1-2 पर रहकर अपना स्थान सुरक्षित किया। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय कैगर्स ने बहरीन और इराक पर जीत के साथ ग्रुप एच में दबदबा बनाया, फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया और इतना ही नहीं - उन्होंने फीबा विश्व कप 2027 क्वालीफायर के लिए भी अपना टिकट बुक कर लिया है। फ्लोर के दोनों छोर पर अरविंद कृष्णन और प्रणव प्रिंस के क्लच प्ले ने भारत को 12 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल करने के बाद महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में सक्षम बनाया। 1:54 मिनट शेष रहते हुए भारत 2 अंक से पीछे चल रहा था। फीबा एशिया कप 2025 के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के ग्रुप एच में यह भारत की दूसरी सीधी जीत थी। उन्होंने शुक्रवार को अपने दूसरे ग्रुप एच मैच में इराक को 97-77 से हराया था। भारत की जीत के बाद, बहरीन और इराक के बीच मुकाबला अब सऊदी अरब के जेद्दा में 5-17 अगस्त तक होने वाले शोपीस के 16वें और आखिरी टिकट के लिए वर्चुअल नॉकआउट बन गया है।



### आईजीयू जूनियर्स के लिए सिक्सेज फॉर्मेट शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारत का गोल्फ परिदृश्य एक रोमांचक बदलाव के कगार पर है। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) 24 मार्च, 2025 (सोमवार) को गुड़गांव के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में पहली बार गोल्फ सिक्सेज जूनियर टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। विश्व गोल्फ नियम नियामक संस्था, द आरएंडए के साथ साझेदारी में आयोजित गोल्फ सिक्स को युवा खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक गतिशील, सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें छह-होल, टीम-आधारित संरचना है। यह फॉर्मेट गोल्फ को भारत के युवाओं के लिए ट्वंटी20 और टी10 जैसे क्रिकेट के छोटे प्रारूपों की तरह लोकप्रिय और आकर्षक बनाता है। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने उत्साह और विश्वास व्यक्त किया कि गोल्फ का नया संस्करण युवा पीढ़ी के बीच रुचि की लहर पैदा करेगा। ब्रिजिंदर सिंह ने एक बयान में कहा कि हम एक तुलनीय सफलता की कहानी की उम्मीद कर सकते हैं। जिस तरह टी20 ने खेल को छोटा करके और इसे अधिक गतिशील और दर्शकों के अनुकूल बनाकर क्रिकेट में क्रांति ला दी, गोल्फ का यह नया प्रारूप भी ऐसा ही करता है। यह खेल को अधिक रोमांचक और आकर्षक अनुभव में बदल देता है, जिससे नई पीढ़ी कम समय में खेल के रोमांच का आनंद ले सकती है। इसी तरह, सिक्स-होल गोल्फ युवा खिलाड़ियों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर सकता है, जिससे खेल की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 82 रनों से हराया

■ इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली

**माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड),** 23 मार्च (एजेंसियां।) बेथ मूनी (70) रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और अलाना किंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 82 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर अपने पहला विकेट कप्तान सूजी बेट्स (12) के रूप में गवां दिया। उन्हें दूसरे ओवर में अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद एनाबेल सदरलैंड ने जॉर्जिया प्लिमर (14) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी सफलता दिलाई। सोफी डिवाइन (शून्य) और ब्रुक हैलीडे (एक) भी भी सदरलैंड ने अपना शिकार बनाया। मैडी ग्रीन (22), जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। 14वें ओवर में अलाना किंग ने अमेलिया केर को आउटकर न्यूजीलैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। अमेलिया केर ने (36) गेंदों में 40 रन बनाये। पोली इंग्लिस (तीन) और ली ताहुहु (दो) को डार्सी ब्राउन ने आउट किया। 17वें ओवर की पहली गेंद पर सदरलैंड ने ईडन कार्सन (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी का 122 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड पर 82 रनों से जीत दर्ज करे हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।



# एसपी मंडलोई ने देर रात पुलिस थानों का किया औचक निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के द्वारा प्रदेश के जिलों के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को औचक रूप से अपने जिले के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के पालन में 22 मार्च की देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के थाना देहात एवं जतारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किया। साथ ही थाने में हिस्ट्री सीट, सीसीटीएनएस प्रणाली, माइक्रोबीट प्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण उपरांत सामने आई कमियों को सुधारने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थित पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर उचित समाधान का आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम द्वारा थाना कुड़ीला एवं खरगापुर थाने का, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे द्वारा थाना बुडेरा एवं बडागांव का, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम द्वारा थाना बमहोरीकलां एवं पलेरा का तथा उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे द्वारा थाना मोहनगढ़ एवं दिगौड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, बंदी गृह, जरायम, रिकॉर्ड रजिस्टर एवं थाने की व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य निरीक्षण किए गये एवं सुधार हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

# नपा नेता प्रतिपक्ष ने आवास दिलाने के नाम पर हितग्राहियों से रुपए लेने वाले युवक को पुलिस के हवाले किया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास दिलाने के नाम पर कई फर्जी लोग अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो चुके हैं। यह फर्जी लोग हितग्राहियों को विश्वास दिलाते हैं कि वह उनका आवास बनवा देंगे और इसी के एवज में वह हितग्राहियों से 1000 से 2000 ले लेते हैं। आज ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका अभिषेक खरे रानू को वार्ड नं 21 में भ्रमण के दौरान जानकारी मिली कि एक युवक ने आवास दिलाने के नाम पर हितग्राहियों से हजारों रुपए ले लिए हैं। भाजपा नेता ने उस युवक को वार्ड की एक दुकान पर बुलाया और उससे बात की गई। बताया जा रहा है कि इस युवक ने शहर के वार्ड नम्बर 21 में 7 दिन पहले कुछ हितग्राहियों से आवास दिलाने के नाम पर 1500 से 2000 ले लिए थे। भाजपा नेता रानू खरे ने इस युवक से पूछताछ कर पुलिस को सूचना दी गई और दलाली करने वाले युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। भाजपा नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना या अन्य किसी योजना का लाभ दिलाने के लिए शहर वव ग्रामों में ऐसे कई दलाल लोग घूम रहे हैं। यदि कोई भी व्यक्ति हितग्राहियों से रुपयों की मांग करता है, तो वह उनसे संपर्क करें।

## झांसी से टीकमगढ़ जा रही बस स्टाफके साथ लोगों ने लाठी डंडे से की मारपीट

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** झांसी से टीकमगढ़ जा रही बस के ड्राइवर कन्डेक्टर व क्लींजर के साथ बर्माताल गांव के पास 4 से 5 लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में कन्डेक्टर व ड्राइवर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि आज शाम करीब 5 बजे बेत्रवंती बस यात्रियों को लेकर टीकमगढ़ जा रही थी तभी बर्माताल गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे 4 से 5 लोगों ने बस को रोका और बिना किसी बात पर ड्राइवर, कन्डेक्टर व क्लींजर की मारपीट कर दी। बेत्रवंती बस के ड्राइवर देवीदयाल अहिरवार निवासी करमासन, कन्डेक्टर हेल्पर मनीष यादव निवासी गोर व क्लींजर सानू खान निवासी टीकमगढ़ ने बताया है कि आज बेत्रवंती बस यात्रियों को लेकर झांसी से टीकमगढ़ जा रही थी तो बर्माताल गांव के पास 4 से 5 लोगों ने हम तीनों की लाठी डंडे से मारपीट कर दी। बस स्टाफके पीड़ितों ने बताया है कि बर्माताल गांव के धर्मेंद्र सिंह, सरदार सिंह, दीपेश राय सहित अन्य लोगों ने हम लोगों के साथ मारपीट कर भाग गए। इसके बाद यह पीड़ित लोग शाम करीब 6 बजे बर्माताल से बस को लौटाकर पुलिस थाना दिगौड़ा लेकर आए। जहां घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस घटना को लेकर दिगौड़ा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## 24 अवैध गांजा के हरे पेड़ बजनी 13.860 किलोग्राम किए जब्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में सभी थाना, चौकी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक अमित साहू के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम नयाखेरा में आरोपी विजय पिता गोकुल यादव उम्र 54 साल निवासी नायखेरा के खेत पर रेड कार्यवाही कर 24 अवैध गांजा के पेड़ कुल वजन 13.860 किलोग्राम ग्राम कीमती लगभग 45000 का जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक अमित साहू, सहायक उपनिरीक्षक रेवाराम, रज्जन रायकवार, मनोज नायक सहित थाना देहात पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पलेरा अटल भू-जल योजना प्रशिक्षण के रुप में मनाया विश्व जल दिवस



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत स्तर पर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना अटल भू जल योजना के 17वें चरण (सामाजिक अंकेषण) का प्रशिक्षण जिसमे उपस्थित सभी को पूर्व में दिए गए प्रशिक्षण का पुनरावलोकन किया गया एवं सभी को बताया कि योजना द्वारा ग्राम में लगाए गए यंत्रों की सुरक्षा सचमुच देख रेख करना है एवं योजना का उद्देश्य जल संरक्षण करना एव भू जल स्तर को बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण मप्र जल एव भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल द्वारा संचालित किए जा रहे है। 22 मार्च यानि विश्व जल दिवस पर पलेरा जनपद की ग्राम पंचायत आलमपुर, नयागांव, गौना में प्रशिक्षण के दौरान विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमें सभी को जल संरक्षण की सपथ दिलाई गई एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में वाल्मी भोपाल के मास्टर ट्रेनर विनय श्रीवास, विवेक अहिरवार, ममता अहिरवार सुश्री शाहिस्ता परवीन, काजल राजा, अखण्ड प्रताप सिंह, एव ग्राम पंचायत से सहायक सचिव विपिन रिछारिया,जल मित्र उत्तम सेन,आंगन वाड़ी कार्यकर्ता नीलू खरे, मंजू लता खरे, लीला सेन एवं ग्राम की समिति सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## ग्वालियर से सागर से जा रही बिहार बटालियन की साइकिल रैली का पुलिस थाना में जोरदार स्वागत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ग्वालियर इन्फेंट्री के 3 बिहार बटालियन के ऑफिसर व जवानों द्वारा ग्वालियर से सागर तक साइकिल रैली निकाली जा रही थी। आज इस साइकिल रैली का थाना दिगौड़ा में थाना प्रभारी सहित पुलिस जवानों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बटालियन के ऑफिसर ने थाना प्रभारी को भेंट स्वरूप पुलिस थाना के लिए गिफ्ट प्रदान किया गया। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि ग्वालियर इन्फेंट्री के 3 बिहार बटालियन से ऑफिसर सहित करीब 16 लोग साइकिल से रैली निकालते हुए सागर जा रहे थे। इस साइकिल रैली के साथ सेना का एक चार पहिया वाहन और एक आर्मी ट्रक थाना दिगौड़ा क्षेत्र से प्रस्थान कर रहा था। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने पुलिस स्टाफके इस साइकिल रैली में शामिल बटालियन के ऑफिसर व जवानों का स्वागत किया। इसके बाद यह साइकिल रैली टीकमगढ़ के लिए रवाना हो गई। इस दौरान बटालियन के ऑफिसर सहित सेना के जवान व एएसआई कल्याण सिंह, बालकिशन नायक, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, आनंद सुडेले, अजय शुक्ला, आरक्षक जगभान रजक, अजीत सिंह, नीलू सिंह, शिवा, अंकित सहित पुलिस स्टाफमौजूद रहा।

# विधायक ने बांटे हेलमेट, एसपी -कलेक्टर ने भी पहल की सराहना





**जतारा, देशबन्धु।** रविवार को पुलिस थाने प्रांगण में हेलमेट वितरण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा चलाए जा रहे। इस अनूठे अभियान में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एसपी मनोहर सिंह मंडलोई, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को गुलाबी रंग के हेमलेट भेंट किए गए। साथ ही छात्रों, वकीलों, मातृशक्ति सहित पुलिसकर्मियों व बिजली विभाग के कर्मचारियों को हेलमेट भेंट किए। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने बताया कि रोज हेलमेट नहीं लगाने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। लोगों की सुरक्षा के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। जिसकी शुरुआत आज से कर रहे हैं। प्रथम चरण में 1080 लोगों को हेलमेट वितरित किए जाएंगे। हमने संकल्प लिया है कि हम आगामी दिनों में दस हज़ार हेलमेट पूरे क्षेत्र में बाटेंगे। श्री खटीक ने बताया कि पिछले एक वर्ष में 162 एक्सीडेंट हुए है । जिसमें 72 लोगों ने जान गंवाई थी। इन घटनाओं की सूचना मिलती थी तो मन व्यथित हो जाता था। मैं यहीं सोचता था कि अगर बाइक चालक हेलमेट पहने होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। यही सोचकर मैने इस अभियान की शुरुआत की है। इस सार्थक पहल से हजारों लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। इस मौके पर विधायक निधि से निर्मित थाने की बाउंड्रीवाल व अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने कहा कि नई पीढ़ी को गाड़ी चलाते समय हेलमेट का विशेष ध्यान रखते हुए अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए, जो हमारी सुरक्षा की गारंटी देता है। मैं विधायक हरिशंकर खटीक को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद देती हूं, जो अपने क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक कार्यक्रम करवा रहे है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कार्यक्रम को सराहा और कहा कि मेरे अनुरोध पर विधायक श्री खटीक ने कलेक्ट्रेट परिसर में दूर दराज से आने वालों के लिए वेटिंग कक्ष बनाए जाने के लिए अपनी निधि दी है। मैं उनके द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम सराहना करता हूं। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि जतारा विधानसभा के प्रत्येक थाने के लिए 2-2 लाख की राशि से सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने के लिए जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने निधि जारी की है। उसके लिए में उनको धन्यवाद देता हूं।

### एसडीओपी व थाना प्रभारी हुए सम्मानित

देश में 20वें व प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने वाले बम्होरी कला थाने की प्रभारी रश्मि जैन सहित उनके पूरे स्टॉफको मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के चलते एसपी व विधायक हरिशंकर खटीक ने सम्मान के रूप में स्मृतिचिन्ह भेंट किया।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री आशुतोष भट्ट व पूरन लोधी, जिला उपाध्यक्ष रोहित खटीक, पवन जैन मोदी,अंकित तोमर, मनोज देवलिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, जिला मंत्री पुष्पा यादव, पूनम अग्रवाल, सुशीला राजपूत,विभा श्रीवास्तव,ऊषा दुबे, मीरा खरे, संध्या सोनी, वरिष्ठ नेता मुकेश तिवारी, किशन पटैरिया,गनेश आदिवासी, रोहित चौरसिया, रधुवीर लोधी, मनोज सिंह, महेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र लोधी, संजय श्रीधर, राजेश नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सर्किट हाउस के पास जैविक, प्राकृतिक उत्पादों का हाट बाजार आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार उद्यानिकी विभाग के सहयोग से जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु जिले में निरंतर हाट बाजारों का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को स्वस्थ्य और समृद्ध जीवन के लिए जैविक उत्पाद मिल सकें। इसीक्रम में सहायक संचालक उद्यानिकी अजय रोहित के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय सर्किट हाउस के पास जैविक उगाए जैविक खाए स्वस्थ और समृद्ध जीवन पाए की थीम के आधार पर हाट बाजार का आयोजन किया गया। पूर्व की भांति रविवार को जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के हाट बाजार में अनुविभागीय अधिकारी लोकेंद्र सिंह सरल द्वारा जैविक रूप से उगाई गई सब्जियों को खरीद करके प्रोत्साहित किया। साथ ही नगर के लोगों द्वारा भी इसमें सक्रिय रूप से भागीदारी पूर्व की भांति रही। हाट बाजार में जिले के कृषकों द्वारा जैविक रूप से उत्पादित सब्जियां, फल,जैविक गुड़, सरसों तेल, मूंगफली तेल, खजूर का गुड़, तुअर दाल, कोदो, कुटकी, घी, वर्मिकम्पोस्ट सहित विभिन्न उत्पाद रखे गये। हाट बाजार में पूर्व की भांति शहर के लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर उत्पाद खरीद कर इस आयोजन को सफल बनाया।

## शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विघ्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आयुक्त अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संभागीय मुख्यालय पर संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय वि?द्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश परीक्षा जिला मुख्यालय टीकमगढ़ पर आज परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विदयालय कमांक-02 टीकमगढ़ में सफलता पूर्वक सम्पन्न करायी गई। ज्ञानोदय विद्यालयों में प्रवेशित वि?द्यार्थियों को शासन द्वारा निःशुल्क शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ आवासीय सुविधा उपलब्ध करवायी जाती हैं। शासकीय ज्ञानोदय वि?द्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा में जिले के कुल 268 छात्र-छात्राओं में से कुल 186 छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं, शेष 82 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित रहें। परीक्षा को जिला संयोजक, अनुसूचित जाति व जनजातीय कार्य विभाग, जिला टीकमगढ़ एवं प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कं. 2. टीकमगढ़ तथा जनजातीय कार्य विभाग के परीक्ष प्रभारी श्री आलोक कुमार गुप्ता, उ.मा.शि0, श्री बी0डी0 अहिरवार, सहायक परीक्षा प्रभारी व प्राथ. शिक्षक तथा परीक्षा की डियूटी में लगाये समस्त विभागीय माध्यमिक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक, अधीक्षकों के द्वारा सफलता पूर्वक ज्ञानोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा को संम्पन्न कराया गया।

# विश्व जल दिवस पर वृन्दावन तालाब में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमती प्रवीणा व्यास प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमती सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं ग्रामीण स्वावलंबन समिति के समन्वय से 22 मार्च को झिरकी बगिया के पास वृन्दावन तालाब टीकमगढ़ पर विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसीएस के चीफराजकुमार लोधी द्वारा उपस्थित सामान्यजन को बताया कि विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है, ताकि पानी के महत्व को समझा जा सके और जल के सही उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि इसका उद्देष्य जल संकट जल प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करना है। जल संरक्षण शब्द का प्रयोग उन सभी गतिविधियों प्रथाओं और तकनीकों के लिए किया जाता है, जिनका उददेश्य मीठे पानी का सचेत और स्थायी उपयोग करना है। उन्होंने बताया कि हमारे ग्रह पर उपलब्ध जल संसाधनों की सुरक्षा ओर संरक्षण के साथ साथ नदियों, झीलों, भूजल ओर आद्रभूमि जैसे मीठे पानी के स्रोतो की सुरक्षा ओर संरक्षण की आवश्यक हैं। साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा चलाई जा रही योजना के संबधं में जानकारी भी दी। कार्यक्रम में राजकुमार अहिरवार सचिव ग्रामीण स्वावलंबन समिति द्वारा ग्रामीण स्वावलंबन समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधिक सहायक श्री कैलाश नारायण मिश्रा, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के कार्यकर्ता, सहित स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ जन्मकल्याणक महा महोत्सव संपन्न



**जतारा, देशबन्धु।** परम पूज्य नगर गौरव श्रमणाचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी जतारा में 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव पूर्ण भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभ देव या आदिनाथ भगवान का जन्म अयोध्या नगरी के राजा नाभिराय और माता मरु देवी के राजमहल में चौत्र कृष्ण नवमी के दिन हुआ था। तीर्थंकर आदिनाथ इस युग के जैन संप्रदाय के प्रथम तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर धर्म नगरी जतारा में प्रातः काल की बेला में श्री आदि प्रभु की भव्य शोभायात्रा (नगर परिक्रमा) पूर्ण भव्यता के साथ, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान करके, निकाली गई जो कि श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। मंदिर की में श्रीजी का भव्य अभिषेक शांति धारा मुख्य पात्रों द्वारा संपन्न किया गया। उपरांत भक्तामर महामंडल विधान संपन्न किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से जैन समाज जतारा अध्यक्ष महेंद्र जैन टानगा, विजय सगरवारा, पवन मोदी, सुनील बंसल, प्रकाश रोशन, संजीव सगरवारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बिहार दिवस के उपलक्ष्य में हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ने कहा -

# नई करवट ले रहा बिहार, वहां फिर एनडीए सरकार बनाने के लिए काम करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी भोजपुरी भाई-बहनें ये संकल्प लें कि आने वाले चुनाव में बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे।

डॉ. यादव आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' अभियान के तहत आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में भले ही 1912 में अस्तित्व में आया हो, लेकिन मध्यप्रदेश से उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। मौर्य काल में जब सम्राट पाटलिपुत्र में बैठते थे, तो भावी सम्राट अवंतिका में बैठकर शासन व्यवस्था संभालते थे। उस काल में सम्राट अशोक ने भी अपने जीवन के 10 वर्ष अवंतिका में बिताए थे। विधर्मियों ने जब राजा भोज के साम्राज्य पर आक्रमण किया, तो यहां के लोगों ने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार में ही शरण ली थी। हमें यह बताते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित है। बिहार के क्षत्रियों में उज्जैनिया ठाकुर के नाम वाली भी एक शाखा है, जो उज्जैन से बिहार के घनिष्ठ संबंधों को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, बिहार के वरिष्ठ नेता सत्यपाल नरोत्तम, प्रदेश महामंत्री व बिहार दिवस अभियान के प्रभारी रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, बिहार दिवस अभियान के सह प्रभारी विजय दुबे एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी व भोपाल में निवासरत बिहार के नागरिकगण उपस्थित रहे।

### बिहार ने दुनिया को दी लोकतंत्र की शिक्षा : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बिहार ने धर्म, आध्यात्म से लेकर संस्कृति को अक्षुण्य बनाने का कार्य किया है। दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने का कार्य बिहार ने किया है। बिहार के वैशाली गणराज्य ने दुनिया को सबसे पहले लोकतंत्र की शिक्षा दी है। देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वालों को बिहार ने ही सबक सिखाने का कार्य किया है। बिहार के लोग अपनी कर्मठता, कर्मशीलता, मेहनत और विश्वास से दुनिया के कई देशों में स्थापित हैं। भोजपुरी समाज के लोग भोपाल के साथ मध्यप्रदेश के लिए बड़ी ताकत हैं।

### फिरंगियों के खिलाफ सबसे पहले आवाज बिहार से ही उठी : सिंह

बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि पूरा हिंदुस्तान जानता है कि बिहार ज्ञान की भूमि और तपोभूमि रही है। यहां एक से बढ़कर योग योद्धा, वीरपुरूषों ने जन्म लिया। अंग्रेजी हुकूमत और फिरंगियों के खिलाफ सबसे पहले आवाज उठाने वाला कोई व्यक्ति था तो वह भोजपुरिया बाबू कुमार सिंह थे। भगवान बुद्ध की कर्मभूमि, चाणक्य और सम्राट अशोक की भूमि भी बिहार रही है। मुझे गर्व होता है कि हमने बिहार की माटी में जन्म लिया है। बिहारी जब भी हिंदुस्तान के किसी भी कोने में जाता है तो हमारी परम्परा, संस्कृति और देश के प्रति समर्पण के लिए अतिथि देवो भव: की भावना के साथ मान-सम्मान मिलता है।

शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

## यह शहादत पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों के बलिदान की स्मृतियाँ देश के कण-कण में विद्यमान है और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा राष्ट्रभक्ति और साहस की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा कि माँ भारती के इन महान सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया। उनका त्याग और वीरता हम सभी के लिए आदर्श है। हमें उनके सपनों के अनुरूप भारत को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी युवाओं से अपील की है कि वे भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के महान आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि इन वीर शहीदों की शहादत हमेशा याद की जाएगी और देश उनके सपनों को साकार करने के लिए सतत प्रयास करता रहेगा।

### लोहिया को भी जयंती पर किया याद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने समाजवादी विचारधारा को मजबूती दी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनता को जागरूक किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि डॉ. लोहिया का सामाजिक न्याय और समरसता के प्रति समर्पण अतुलनीय है। स्वतंत्र भारत के विकास में उनकी भूमिका हमेशा प्रेरणादायी रहेगी। उन्होंने जन-जन को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया।

## मोहनपुरा-कुंडालिया को 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' पुरस्कार मिला, मंत्री सिलावट ने दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नवीन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि हो रही है। हर खेत तक पानी पहुंचाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि राजगढ़ जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना को जल संसाधनों के कुशल उपयोग, जल संरक्षण और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सीबीआईपी अवॉर्ड्स- 2024 में 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए विभागीय अमला तथा क्षेत्र के किसान बधाई के पात्र हैं।

पुरस्कार नई दिल्ली में सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पॉवर के ज्यूरी सदस्य ए.के. दिनकर, घनश्याम प्रसाद एवं डॉ. एम.के. सिन्हा द्वारा गत दिवस दिया गया है। इसे मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक जीपी सिलावट, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, परियोजना निदेशक शुभंकर बिस्वास ने प्राप्त किया।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश की अभिनव जल प्रबंधन प्रणाली और सतत कृषि विकास में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान राज्य सरकार की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों और कुशल कार्यान्वयन का परिणाम है। पुरस्कार जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के विस्तार को प्रोत्साहित करेगा।

15 आईपीएस इधर से उधर

## जयदीप लोकायुक्त से हटे, देशमुख को सौंपी कमान

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने आज 15 आईपीएम अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रभारी डीजी लोकायुक्त जयदीप प्रसाद को स्थानांतरित कर एडीजी स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो बनाया गया है। वहीं उनके स्थान पर एडीजी इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे योगेश देशमुख को लोकायुक्त में प्रभारी डीजी पदस्थ किया गया है। श्री देशमुख के स्थान पर ए.साईं मनोहर को इंटेलीजेंस की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राकेश गुप्ता के ओएसडी राकेश गुप्ता को खेल और युवा कल्याण का संचालक बनाया गया है। केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने पर एडीजी राजबाबू सिंह को पीएचक्यू में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण बनाया गया है।

आदर्श कटियार को स्पेशल डीजी दूरसंचार (पीएचक्यू) से स्पेशल डीजी प्रशासन (पीएचक्यू), सोनाली मिश्रा को एडीजी प्रशिक्षण पीएचक्यू से एडीजी चयन एवं भर्ती पीएचक्यू, रवि कुमार गुप्ता को संचालक खेल एवं युवक कल्याण से एडीजी रेल , संजीव शमी को एडीजी चयन एवं भर्ती पीएचक्यू से एडीजी दूरसंचार पीएचक्यू पदस्थ किया गया है। वहीं आशुतोष राय को एडीजी अग्निशमन पीएचक्यू से अजाक पीएचक्यू, चंचल शेखर को एडीजी एससीआरबी पीएचक्यू से एडीजी विसबल पीएचक्यू, गौरव राजपूत ओएसडी गृह को आईजी रीवा रेंज, कृष्णावेनी देसावतु आईजी/डीआईजी विसबल को ओएसडी गृह, साकेत प्रकाश पांडे डीआईजी रीवा को डीआईजी पीएचक्यू और राजेश सिंह को डीआईजी सेनानी 25 वीं वाहिनी से डीआईजी रीवा भेजा गया है।

सिंहस्थ भूमि अधिग्रहण को लेकर उठाए थे सवाल

## विधायक मालवीय को भाजपा ने थमाया नोटिस



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने आलोट विधानसभा से पार्टी के विधायक चिंतामणि मालवीय को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन्हें विधानसभा में उज्जैन के सिंहस्थ क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण को लेकर सवाल उठाने के कारण जारी किया गया है। पार्टी संगठन विधायक मालवीय द्वारा अपनी ही सरकार को घेरने से नाराज है। प्रदेश भाजपा की ओर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि मालवीय के बयानों और कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। इस संबंध में विधायक से 7 दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। विधायक मालवीय ने विधानसभा में कहा था कि मुख्यमंत्री जी का मैं धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने उज्जैन सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ रुपए की राशि रखी है। उज्जैन को गर्व है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री उज्जैन से हैं, लेकिन आज उज्जैन का किसान बहुत डरा और परेशान है। सिंहस्थ के नाम पर पहले उसकी जमीन केवल 3 से 6 महीनों के लिए अधिग्रहित की जाती थी, लेकिन अब उन्हें स्थायी अधिग्रहण का नोटिस दिया गया है। मालवीय ने उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी निर्माण, किसानों की भूमि के स्थायी अधिग्रहण का मुद्दा उठाते हुए इसे कॉलोनाइजरों व भूमाफियाओं की साजिश की आशंका जताई थी।

राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेला 7 अप्रैल से

## हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित सामग्री बिक्री के लिए रहेगी उपलब्ध



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के विट्ठन मार्केट स्थित दशहरा मैदान पर 7 अप्रैल से राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 13 अप्रैल तक चलने वाला यह मेला आगामी 13 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस मेले में एक लाख से ज्यादा आंगतुकों के आने की संभावना है। मेले का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

यह जानकारी अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि मेले में मध्यप्रदेश सहित आंध्र, तमिलनाडू, बनारस, गुजरात, असम और हिमाचल के हस्तशिल्प एवं महिलाओं के साड़ियां और कुर्तियां, सौंदर्य प्रशाधन, घरेलु उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर फूड आयटम, फर्निचर, काकरी, हेंडलूम की लंबी सुंदर डिजाइन की रेंज एवं नवीनकृत सामग्रियां उपलब्ध रहेंगी। मध्यप्रदेश के 55 जिलों से 100-100 किसान संपूर्ण प्राकृतिक खेती की प्रदर्शनी एवं शिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं सीधे स्कूल एवं कॉलेज से हजारों छात्र-छात्राओं को मेले में आमंत्रित कर उन्हें मेले में लगभग 4 सौ स्वदेशी उत्पाद स्टॉल्स पर भ्रमण करवाकर प्रदर्शनी स्थल पर लगाई गई हैं। प्रदेश के पुरातत्व, पर्यटन, सांस्कृतिक स्थलों के महत्व एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी की प्रदर्शनी के आधार पर ही वस्तुनिष्ठ प्रश्न-उत्तरी दी जाएगी। इस प्रश्न-उत्तरी को भर कर जमा करवाने पर प्रत्येक 2 घण्टे में तीन-तीन लकी ड्रा गिफ्ट प्रदान किए जाएंगे।

## इंदौर-दाहोद रेल परियोजना से घटेगी मुंबई की दूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** अब इंदौर से मुम्बई जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलने जा रही है। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना से इस मार्ग की तकरीबन 55 किलोमीटर की दूरी कम होगी। जिससे समय की भी बचत होगी।

करीब 2 हजार करोड़ के इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट के कारण इंदौर से यात्रियों को महाराष्ट्र और गुजरात जाने के लिए नया रूट मिलेगा। जहां वर्तमान में इंदौर से मुंबई के लिए यात्रा करने पर लगभग 830 किमी का सफर तय करना पड़ता है, यह रास्ता उज्जैन और रतलाम से होता हुआ जाता है। नए प्रोजेक्ट के पूरा होने से यह दूरी घटकर लगभग 775 किमी रह जाएगी, जिससे मुंबई तक का सफर 55 किमी कम हो जाएगा। इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट के तहत कुल 205 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट को कई हिस्सों में बांटकर पूरा किया जा रहा है। रतलाम मंडल ने मई 2025 तक इंदौर से नौगांव तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रोजेक्ट में इंदौर से टीही तक का काम पहले ही पूरा हो चुका है और कंटेनर ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। वहीं छोटा उदयपुर से धार के बीच का काम भी तेजी से चल रहा है और इसका पूरा होना भी करीब है।

इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट की लागत शुरू में 678.54 करोड़ रुपये थी, जो 2007 में स्वीकृत हुई थी। हालांकि, 2020 में काम बंद होने के बाद 2022 में फिर से इसे शुरू किया गया और इसके बजट में लगातार वृद्धि होती गई। अब इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 2 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 6,500 करोड़ रुपये तक जा सकती है। इस प्रोजेक्ट के तहत नई रेल लाइन इंदौर, पीथमपुर, धार, सरदारपुर, झाबुआ को जोड़ते हुए दाहोद तक पहुंचेगी, जिससे इन क्षेत्रों को नई रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।

### राजीव चंद्रशेखर होंगे केरल भाजपा के नए अध्यक्ष

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये अध्यक्ष के रूप में के सुरेंद्रन की जगह लेंगे। सूत्रों ने रविवार को बताया कि पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रल्हाद जोशी ने राज्य भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। चंद्रशेखर दोपहर तीन बजे से पहले भाजपा राज्य समिति कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नए अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा सोमवार को राज्य समिति की बैठक के बाद की जाएगी। चंद्रशेखर पूर्व केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री हैं। उन्होंने पिछले लोस चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस पार्टी के शशि थरूर के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ा था।

### त्रिपुरा में हमले में 12 माकपा नेता घायल

अगरतला, 23 मार्च (एजेंसियां)। त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को धमकी दी कि अगर पुलिस ने शनिवार देर रात उनकी जनसभा पर हमला करने और एक दर्जन नेताओं पर बर्बर हमला करने के लिए सभी प्राथमिकी दर्ज आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया तो वे राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे।

## बड़ा हादसा, निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर गिरा पिलर, कई मजदूर दबे

**सहारनपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से एक बड़े हादसे की खबर आ रही है। यहां निर्माणाधीन दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का पिलर गिरने से कई मजदूर दब गए है, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और फौरन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू कार्य जोरों पर चल रहा है।

बताया जा रहा है कि मलबे में 7 मजदूर दब गए। अबतक चार मजदूरों को बाहर निकाला जा चुका है, जबकि तीन मजदूर अब भी फंसे हुए हैं। हादसा सहारनपुर में बडगांव के मोरा गांव के पास हुआ। यहां दिल्ली देहरादून निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे का पिलर गिरने से उसके नीचे काम कर रहे करीब 6 से 7 मजदूर मलबे के नीचे दब गए। पिलर गिरने से हाईवे के अधिकारियों में अफरा तफरी मच गई। उधर सूचना मिलने पर गांव से ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और मजदूरों को बचाने में जुट गई।

फौरन ही पुलिस को हादसे की सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल वहां रेस्क्यू कार्य जोरों से चल रहा है। जानकारी के अनुसार अबतक चार मजदूरों को निकाला जा चुका है। तीन मजदूरों को अस्पताल रेफर किया गया है। साथ ही बाकी मलबे में दबे मजदूरों को निकालने का कार्य चल रहा है।

बताया जा रहा है पिलरों में घटिया सामग्री और बारीक सरिया लगाकर पिलर बनाए गए थे, जो आज रखते ही टूट गए और तब यह बड़ा हादसा हो गया।

## प्रशिक्षु आईएएस को क्लीनचिट, विधायक के परिजनों से धक्का-मुक्की का था आरोप

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एसडीएम आकिब खान को जांच रिपोर्ट के बाद क्लीन चिट दे दी गई। एसडीएम खान पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के परिवार के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप लगा था। जांच दल ने इस मामले की परीक्षण के बाद जो प्रतिवेदन दिया था, ऐसी कोई घटना नहीं पाई गई है। यह जानकारी विधानसभा में विधायक नारायण सिंह पट्टा के सवाल का लिखित उत्तर देते हुए सरकार ने दी। सरकार ने बताया कि जांच दल की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि कोई ऐसी घटना घटी ही नहीं। इसके बाद सरकार ने आईएएस अधिकारी श्री खान के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रस्ताव नहीं भेजा। यह भी जानकारी विधायक द्वारा 2 फरवरी को मुख्य सचिव से की शिकायत के संबंध में दी गई। जिसके बाद जबलपुर संभागायुक्त से जांच रिपोर्ट और अभिमत मंगवाए गए थे। विधायक ने आरोप लगाया था कि एक लड़का, जो गांव में जेसीबी से गौशाला के लिए मिट्टी की खुदाई कर रहा था, जब एसडीएम खान को देखा, तो वह डरकर विधायक के पैतृक घर में घुस गया। एसडीएम ने उसका पीछा किया और घर में घुसकर उस लड़के के साथ मारपीट की।

एमवीएम के पूर्व छात्रों ने होली के गानों पर बिखेरे यादों के रंग

## होली खेले रघुवीरा... रंग बरसे भीगे चुनर वाली... पर जमकर धमाल मचाया

### जमकर थिरके, 4 क्विंटल फूलों से खेली होली



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को पूर्व छात्र-छात्राओं ने 4 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग होली कब है की थींम पर आधारित होली मिलन समारोह में पूर्व छात्र - छात्राओं ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली.... होली खेले रघुवीरा अवध में.....होली के दिन दिल खिल जाते है... आज न खेलेंगे बस हम होली....आदि होली के सदाबहार गीतों पर जमकर थिरकें। प्रारंभ में कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा के होली पर आधारित फिल्मी गानों की प्रस्तुति हुई। जब होली के गाने हो रहे थे, तब पूर्व विद्यार्थी पूरे उत्साह, उमंग के साथ फूलों से होली खेल रहे थे। इस आयोजन में कॉलेज से निकले अनेक प्राध्यापक,शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। सभी ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और हंसते मुस्कुराते वही पुराने अंदाज में एक दूसरे के हाल जाने। आयोजन समिति के संयोजक पूर्व छात्र डॉ . संतोष कटियार पूर्व छात्र ने बताया कि जब वे हॉस्टल में रहते थे तो कई कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नही उतरता था। गोखले और मालवीय हॉस्टल में जमकर होली खेली जाती थी। पूर्व छात्र और एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने बताया कि होली के बाद कॉलेज खुलने पर सभी विद्यार्थी रंग, गुलाल से होली खेलते थे। इस दौरान कक्षाएं भी ऑटोमेटिक सस्पेंड हो जाती थी। छात्रों पर कई दिन होली का खुमार छाया रहता। पूर्व छात्रा डॉ . रश्मि सक्सेना ने बताया कि उन्होंने 1985- 86 में एमएससी की, उस दौरान हम सहपाठियों के घर होली खेलने जाते और पकवानों का लुफ्त उठाते। पूर्व छात्र और महासचिव सुभाष व्यास ने बताया कि कैसे वे पहले से होली की प्लानिंग करते और हॉस्टल के छात्रों को घर जाने से पहले ही रंगों से सराबोर कर देते। पूर्व छात्र अभय श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज के दिनों में होली दस दिन पहले शुरू हो जाती थी।

प्रारंभ में एमवीएम पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि संगठन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम 2017 से आयोजित किया जा रहा है। होली मिलन का मौका सभी पूर्व छात्रों को वर्षों बाद एक दूसरे का मिलने का मौका देता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय से पढ़कर निकले उच्च पदों पर आसीन और विभिन्न क्षेत्रो में अपनी सेवाएं दे रहे अथवा या सेवानिवृत हो चुके पूर्व विद्यार्थी भाग लेते आए हैं। कार्यक्रम में लगभग 250 विद्याथी सम्मिलित हुए। आयोजन में पूर्व विद्यार्थी विनय सेंगर, उमेश मिश्रा, राजकुमार पटेल, आर.एस. रघुवंशी, रविशंकर पांडे,राकेश सिंह ,विनोद पाराशर, कैलाश परमार, राजेंद्र त्रिपाठी, दिनेश प्रसाद भार्गव, केशव लालवानी, सत्येंद्र चौरसिया, धर्मेन्द्र खंडेलवाल, सुकान्त जैन,राजीव दिवाकर, अभय श्रीवास्तव, स्वाति सिंह, डॉ. रेखा श्रीवास्तव, मोहन चतुर्वेदी, आशा जादौन, अभिषेक द्विवेदी के अलावा पूर्व छात्र, वसीम खान, वरुण शर्मा, राजेश गाबा, आलोक श्रीवास्तव, मनोज शर्मा आदि उपस्थित थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**एक बड़े वर्ग को चुनाव....** हमें उस मुद्दे को एक साथ हल करना चाहिए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि इस विपक्षी गठबंधन को एक ब्लॉक के रूप में दिखना चाहिए, न कि एक अलग ब्लॉक के रूप में, जैसा कि वह सार्वजनिक रूप से दिखता है। मैं राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर की बात नहीं कर रहा हूं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर जिस तरह से विचार किया जाता है, उसमें सामंजस्य होना चाहिए और जब तक वह तंत्र नहीं बनाया जाता और जब तक ब्लॉक के प्रवक्ता नहीं होते, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।

**वक्फ संशोधन विधेयक के....** भी किया। एआईएमपीएलबी के बयान में कहा गया है कि एआईएमपीएलबी की 31 सदस्यीय कार्रवाई समिति ने विवादास्पद, भेदभावपूर्ण और नुकसानदायक विधेयक का विरोध करने के लिए सभी संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया है। इसमें कहा गया है कि एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इन प्रदर्शनों में भाग लेंगे। %नागरिक समाज के नेता, अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की प्रमुख हस्तियां और दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्गों के प्रमुख लोगों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। बयान में कहा गया है कि विभिन्न राजनीतिक दलों की तरफ से सांसदों को चालू संसद सत्र में भाग लेने के लिए व्हिप जारी करने के बावजूद, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विपक्षी सदस्यों को भी धरना-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।'

बयान के अनुसार, 'पटना में, बिहार के मुख्यमंत्री समेत जेडी(यू), आरजेडी, कांग्रेस और लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), वाईएसआर कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दलों को निमंत्रण भेजा गया है।' इलियास ने कहा कि इन विरोध प्रदर्शनों का उद्देश्य भाजपा के गठबंधन सहयोगियों को एक स्पष्ट संदेश भेजना है कि 'या तो विधेयक के लिए समर्थन वापस ले लें या फिर हमारा समर्थन खोने का जोखिम उठाएं।' इस अभियान में धरना प्रदर्शन, मानव श्रृंखला और सोशल मीडिया अभियान, विशेष रूप से एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हैशटैग अभियान शामिल होंगे।' बयान में कहा गया है कि जिला स्तर पर सार्वजनिक सम्मेलन, सेमिनार, संगोष्ठी और धरने आयोजित किए जाएंगे और जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।